नव प्रदेश

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 25 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-279 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

छत्तीसगढ़ के 15 निकायों में 20 को मतदान, 23 दिसंबर को मतगणना

■ आचार संहिता लागू, बैलेट पेपर से होगा चुनाव, नोटा का भी प्रावधान लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 10 जिलों के 15 नगरीय निकायों में चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव में 20 दिसंबर को सुबह आठ बजे से 5 बजे तक मतदान होगा, इसके बाद 23 दिसंबर को मतगणना होगी। उम्मीदवारों के लिए 3 दिसंबर को नामांकन की अंतिम तिथि है, 6 दिसंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख रखी गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की।

नवा रायपुर स्थित राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया चुनाव वाले शहरों और वार्डों में तत्काल प्रभाव से आचार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में यहां होंगे चुनाव

नगर निगम	4
नगर पालिका	5
नगर पंचायत	6
उप चुनाव	17 वार्डों में

इन शहरों में होना है आम चुनाव

प्रदेश के 15 शहरों में आम चुनाव कराया जाएगा। इनमें नगर पालिक निगम बिरगांव, भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा का चुनाव मुख्य है। उसके अलावा नगर पालिका सारंगढ़, बैकुंठपुर, शिवपुर चरचा, जामुल और खैरागढ़ में नई शहरी सरकार चुना जाना है। प्रेमनगर, मारो, नरहरपुर, कोंटा, भैरमगढ़ और भोपालपट्टनम नगर पंचायतों में भी आम चुनाव होगा।

यहां होंगे पार्षदों के उपचुनाव

उप चुनाव वाले शहरों में बिलासपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव नगर निगम भी शामिल है। उसके अलावा गोबरा नवापारा, थान-खम्हरिया, बेमेतरा, कोंडागांव और बड़े बचेली नगर पालिका में उप चुनाव होना है। नगर पंचायत बसना, कुरूद, मगरलोड, उतई, देवकर और केशकाल के वार्डों में भी उप चुनाव कराए जाने हैं।

370 वार्डों में 7.78 लाख मतदाता

राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया, 15 नगरीय निकायों के 370 वार्डों में आम चुनाव होना है। वहीं 16 नगरीय निकायों के 17 वार्डों में उपचुनाव होगा। आम चुनाव में 7 लाख 78 हजार 420 मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करने वाले हैं। इसमें 3 लाख 90 हजार 843 महिलाएं हैं। उप चुनाव में 26 हजार 896 मतदाताओं को वोट डालना है।

बैलेट पेपर से होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होगा और इस बार भी नोटा का प्रावधान भी लागू रहेगा। निकाय चुनाव के लिए कुल एक हजार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। निर्वाचन की अधिसूचना 27 नवंबर से जारी हो जाएगी। 27 नवंबर को नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नाम वापसी की आखिरी तारीख 6 दिसंबर होगी। मतदान 20 दिसंबर को सुबह 8 से 5 बजे तक होगा।

आज बेबाक

इसे कहते है चित भी मेरी और पट भी मेरा और अंटा मेरे बाप का। तीन कृषि कानूनों को वापस लेने और पीएम मोदी की माफी भी राकेश टिकैत के लिए काफी नहीं है। इस किसान नेता का कहना है कि जब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं होगा और किसानों की अन्य समस्याओं का समाधाना नहीं होगा किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। मान लो ये मांगे भी मान ली तो ये आंदोलनजीवी और नई मांग लेकर आंदोलन जारी रखेंगे। जब तक कुछ खबरिया चैनल इन परजीवियों को कव्हरेज देते रहेंगे और महिमामंडित करते रहेंगे तब तक इनकी नौटंकी चलती रहेगी।

सूर्योदय

उदय : 6:41 प्रात:

अस्त : 5:19 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,908,868,790

भारत: 1,399,289,110

बाजार

सेंसेक्स : 58,340.99

निफ्टी: 17,415.05

गोल्ड :46,850 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,532 प्रति किग्रा

अंडा दर: 4.66 प्रति नग

दिवस

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस : संयुक्त राष्ट्र द्वारा 25 नवंबर को दुनिया भर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को दुनिया भर में महिलाएं हिंसा के विभिन्न रूपों और मुद्दे की वास्तविक प्रकृति के अधीन के तथ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता हैं। सयुंक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानवाधिकार का उल्लंघन है और इसके पीछे की वजह महिलाओं के साथ भेद भाव सहित शिक्षा, गरीबी, एचआईवी और शांति जैसे मुद्दों से जुड़ा है।

मोदी के ऐलान पर कैबिनेट की मुहर तीनों कृषि कानून को रद्द करने की मंजूरी

गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन, मार्च 2022 तक जारी रहेगी योजना

नई दिल्ली। मोदी कैबिनेट ने गरीब कल्याण अन्न योजना को 4 महीने (31 मार्च, 2022) तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत गरीबों को मुफ्त राशन बांटा जा रहा है। कोरोना के दौरान इस योजना को शुरू किया गया था। बाद में इसे 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया था। बुधवार को कैबिनेट ने इसे आगे जारी रखने को अप्रूवल दे दिया है। इधर, एक और फैसले में कैबिनेट ने तीनों नए कृषि कानूनों की वापसी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिन पहले (19 नवंबर) गुरु पर्व के दिन इन तीनों कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था। कैबिनेट की मंजूरी के बाद कानून वापसी के प्रस्ताव को संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में पारित करवाया जाएगा। इसके बाद किसान आंदोलन की वजह बने तीनों कृषि कानून खत्म हो जाएंगे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को देश के नाम अपने संबोधन में तीनों कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि सरकार ये कानून किसानों के हित में नेक नीयत से लाई थी, लेकिन हम कुछ किसानों को समझाने में नाकाम रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले संसद सत्र में कानूनों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं, एक्सपर्ट्स के मुताबिक संसद सत्र शुरू होने के बाद कम से कम 3 दिन में ये प्रक्रिया पूरी हो सकती है। संसद सत्र 29 नवंबर से शुरू होना है।

80 करोड़ लोगों को मिल रहा फायदा

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा, कैबिनेट मीटिंग में गरीब कल्याण योजना को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। अब इस योजना का लाभ लोगों को मिलता रहेगा। 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अन्न फ्री देने की योजना को दिसम्बर 21 से मार्च 22 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, सरकार ने पिछले साल कोरोना महामारी के चलते गरीबों को फ्री में 5 किलो मुफ्त राशन देने की योजना चलाई थी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पांचवें चरण के तहत खाद्यान्न पर 53,344.52 करोड़ रुपये की अनुमानित खाद्य सब्सिडी होगी। उन्होंने कहा कि इससे राजकोष पर अतिरिक्त 53,344 करोड़ रुपए का भार आएगा। पीएमजीकेएवाई की कुल लागत इस विस्तार सहित लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। बता दें कि यह योजना केंद्र सरकार की ओर से शुरू में अप्रैल 2020 से तीन महीने के लिए शुरू की गई थी, जिसके कारण देशव्यापी तालाबंदी हुई। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है।

पीएम से मिली दीदी, 30 मिनट तक चली बातचीत

त्रिपुरा हुई हिंसा का मुद्दा उठाया

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार को मुलाकात हुई. ये मुलाकात करीब 30 मिनट तक चली. जिसमें ममता बनर्जी ने प्राकृतिक आपदाओं पर मुआवजे और सीमा सुरक्षा बल के प्रदेश में दखल पर भी बात की. ममता बनर्जी सोमवार को दिल्ली पहुंची थी. ममता बनर्जी बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए पहुंची थी. इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा उन्हें अब तक 96,605 करोड़ रुपए नहीं मिले हैं, जोकि केंद्र सरकार को प्राकृतिक आपदा के मुआवजे के तौर पर देना था. ममता बनर्जी ने इस दौरान त्रिपुरा में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने कहा मैंने पीएम मोदी के सामने त्रिपुरा हिंसा को लेकर भी बात की,

उन्होंने कहा कि कैसे हमारी कार्यकर्ता शायनी घोष को निशाना बनाया गया. वहीं ममता बनर्जी ने कहा कि उनका दिल्ली में रुकने अब कोई प्रोगाम नहीं है. 30 नवम्बर को वह मुंबई में रहेंगी. जहां उन्हें 1 दिसंबर को बिजनेस इवेंट में शामिल होना है. ममता इस दौरान वहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी के नेता शरद पवार से भी मुलाकात करेंगी.

आरएलडी के बाद 'आप' से गठबंधन कर सकती है सपा!

■ आप सांसद संजय सिंह ने पूर्व सीएम अखिलेश से की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के लिए कुछ महीने का समय बचा है। इसी के चलते प्रदेश की राजनीति में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक समीकरण और राजनीतिक गठजोड़ बनते जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी सत्ता में वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ऐसे में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक मुलाकात चली। इस बैठक के बाद अब यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि क्या रालोद (आरएलडी) के बाद अब समाजवादी पार्टी आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने की तैयारी कर रही है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अखिलेश कई मौकों पर कह चुके हैं कि वह अगला चुनाव छोटी पार्टियों के साथ लड़ेंगे। संजय सिंह सांसद के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी भी हैं। मुलाकात के बात संजय सिंह ने बताया कि गठबंधन की बातचीत शुरू हो गई है, लेकिन फिलहाल कुछ भी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सभी छोटी पार्टियों के लिए दरवाजे खुले

वहीं सपा नेता सुनील सिंह साजन ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी छोटी पार्टियों को साथ ला रही है और सभी छोटी पार्टियों के लिए बीजेपी को हराने का दरवाजा खुला है। बता दे संजय सिंह और अखिलेश यादव के बीच यह तीसरी मुलाकात थी। अखिलेश करीब दो महीने पहले संजय सिंह से मिले थे और हाल ही में मुलायम सिंह के जन्मदिन पर भी दोनों की मुलाकात हुई थी। लोहिया ट्रस्ट के कार्यालय में बुधवार को फिर तीसरी बार अखिलेश और संजय सिंह के बीच बैठक हुई। इस दौरान दोनों की मुलाकात एक घंटे से ज्यादा समय तक हुई। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच गठबंधन को लेकर बातें होती रही हैं। मुलायम के बर्थडे पर भी दोनों के बीच गठबंधन को लेकर चर्चा हुई थी, हालांकि सीट बंटवारे का फॉर्मूला अभी तय नहीं हुआ है।

110 देशों को लोकतंत्र के विषय पर वर्चुअल सम्मेल में भारत को मिला न्योता

नई दिल्ली। अमेरिका और भारत के बीच संबंधों में लगातार बेहतरी देखने को मिली है। कुछ समय पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका में गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और वाइस प्रेसीडेंट कमला हैरिस से मुलाकात की थी। रूस से एस-400 मिसाइल के रक्षा सौदा करने के बावजूद अमेरिका में भारत का दबदबा ऐसा है कि कई अमेरिकी सांसदों ने भारत पर प्रतिबंध ना लगाने की वकालत की है और अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक खास वर्चुएल कॉन्फ्रेंस के लिए 110 देशों की लिस्ट में भारत को भी शामिल किया है।

चीन, रूस और साऊदी का नाम गायब

अमेरिका ने दिया 110 देशों को न्यौता

वर्चुअल सम्मेलन का एवेंट: जो बाइडेन ने इन सभी देशों को लोकतंत्र के विषय पर एक वर्चुएल सम्मेलन के लिए इंवाइट किया है। उन्होंने इस सम्मेलन के लिए कई पश्चिमी देशों के अलावा इराक, भारत और पाकिस्तान जैसे देशों को भी न्योता भेजा है।

3 रुपए और सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल, केंद्र सरकार कर रही कवायद

■ सरकार अपने इमरजेंसी रिजर्व से 50 लाख बैरल तेल रिलीज करेगी

नई दिल्ली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए भारत अपने स्ट्रैटजिक (इमरजेंसी) पेट्रोलियम रिजर्व में से 50 लाख बैरल रिलीज करेगा। कच्चे तेल के इमरजेंसी स्टॉक को रिलीज करने का प्लान अमेरिका ने भारत, जापान समेत कुछ बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के साथ मिलकर बनाया है। इस कदम से पेट्रोल-डीजल के दाम कुछ कम हो सकते हैं।

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि लिक्विड हाइड्रोकार्बन्स का प्राइस रीजनेबल और मार्केट फोर्सेज की ओर से निर्धारित होना चाहिए। तेल उत्पादक देशों की ओर से जानबूझकर तेल की सप्लाई को डिमांड के लेवल से नीचे रखा जा रहा है। इस पर भारत अपनी चिंता बार-बार व्यक्त करता रहा हैं। तेल उत्पादक देशों की कम सप्लाई से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। बयान में कहा गया है कि भारत अपने स्टैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व से 5 मिलियन बैरल कच्चा तेल रिलीज करने पर सहमत हो गया है। इसे अमेरिका, चाइना, जापान और कोरिया सहित अन्य प्रमुख ग्लोबल एनर्जी कंज्यूमर के कंसलटेशन से रिलीज किया जाएगा।

पेट्रोलियम कंपनियों पर टिकी निगाहें

अगर कच्चे तेल की घटती कीमतों का फायदा पेट्रोलियम कंपनियां आम लोगों को देती हैं तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में प्रति लीटर 2 से 3 रुपए तक की कमी हो सकती है। हालांकि अगर आने वाले दिनों में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता है तो कीमतों का कम होना मुश्किल हो जाएगा। कच्चा तेल अभी 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है।

सीएम नवीन के काफिले पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फेंके अंडे

भुवनेश्वर। कालाहांडी शिक्षक के अपहरण और हत्या मामले में सरकार की 'निष्क्रियता' के विरोध में भाजपा समर्थकों ने बुधवार को पुरी में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के काफिले पर अंडे फेंके। घटना सरकारी अस्पताल चौक के पास हुई जब पटनायक मंदिर शहर में 331 करोड़ रुपये की हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के शिलान्यास समारोह में शामिल होने के बाद भुवनेश्वर लौट रहे थे। पटनायक के काफिले के पास से गुजरने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी काले झंडे दिखाए। इससे पहले, पुरी में बड़ा डंडा (ग्रैंड रोड) पर पटनायक में काले झंडे लहराने के आरोप में भाजपा समर्थित भारतीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'दागी'' मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

दिल्ली प्रदूषण पर केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

■ सरकार से पूछा - प्रदूषण तो तेज हवा से कम हुआ, आपने क्या किया?

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर से सुनवाई हुई है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त लहजे में सरकार से पूछा कि प्रदूषण तो तेज हवा से कम हुआ इसमें आपने क्या किया? यही नहीं मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि हमारे पास कई अर्जियां आई हैं। एक मजदूर संगठन की मांग है कि निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। वहीं दो किसानों ने पराली को लेकर प्रतिबंध हटाने की मांग की है। इस पर कोर्ट ने कहा है कि अगर एक्यूआई 100 से कम रहता है तो पाबंदियां हटाई जा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि जब मौसम गंभीर होता है तो उपाय किए जाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने के लिए भी उपाय किए जाने चाहिए। यह राष्ट्रीय राजधानी का हाल है, कल्पना कीजिए राजधानी का ये हाल तो हम दुनिया को क्या संदेश दे रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली सरकार ने दाखिल किया हलफनामा

दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हलफनामा दाखिल किया। केजरीवाल सरकार ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण से निपटने के लिए गाड़ियों के पार्किंग चार्ज को तीन से चार गुना बढ़ाने की सिफारिश की गई है। इस मामले की जानकारी लोकल बॉडी अथॉरिटी को दे दी गई है। दिल्ली में ट्रैफिक को कम करने के लिए पुलिस की संख्या को बढ़ा दिया गया है। सरकार ने यात्रियों को लुभाने के लिए दिल्ली एनसीआर और क्लस्टर बसों की संख्या को बढ़ाया दिया है और सड़को पर धूल को साफ करने के लिए डस्टिंग मशीन की संख्या बढ़ाई गई।

शुभारंभ बस्तर में आएगी बदलाव की बयार, युवाओं को दी जाएगी कृषि तकनीकी की शिक्षा

प्रदेश के 14 जिलों में जलेगी 'चिराग' की अलख, बस्तर से हुआ शुरू

■ आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नयी रौशनी फैलाने सीएम ने की कई घोषणाएं

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान चिराग परियोजना का शुभारंभ किया। कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित कृषि मड़ई कार्यक्रम में परियोजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने विश्व बैंक की सहायता से संचालित होने वाली लगभग 1735 करोड़ रुपए की इस परियोजना को बस्तर के लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाली अब तक की सबसे बड़ी परियोजना बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बड़ी योजना का शुभारंभ बस्तर में मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेकर किया जा रहा है और इसी का परिणाम है कि ये योजनाएं सफल भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि 'चिराग परियोजना' छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग सहित 14 जिलों में लागू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने महिलाओं को सौंपी ''वर्किंग वुमेन ट्रांजिट हॉस्टल'' की चाबियां

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धरमपुरा-01 में नवनिर्मित इंद्रावती 'वर्किंग वुमेन ट्रांजिट हॉस्टल' के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं को उनके कमरों की चाबियां सौंपी। उन्होंने यहां गृह प्रवेश करने वाली महिला हितग्राहियों को चाबी सौंपते हुए सुरक्षित वातावरण में आवास की सुविधा पाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हितग्राहियों के पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में भी जानकारी ली। बातचीत के दौरान हितग्राहियों ने अत्यंत अल्प किराए में सर्वसुविधायुक्त सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध करने के लिए मुख्यमंत्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। यह 100 सीटर हॉस्टल लगभग 6 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया है। हॉस्टल में दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित एवं सर्वसुविधा युक्त आवास की सुविधा उपलब्ध होगी।

बस्तर क्षेत्र में पर्यटन को मिलेगा नया आयाम : भूपेश बघेल

बस्तर अंचल में पर्यटकों को वैलनेस टूरिज्म की सुविधाएं मिलेंगी। वैलनेस टूरिज्म के तहत बस्तर अंचल में सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों में योगा, प्राणायाम, ध्यान, आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक उपचार, नेचर हीलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर के थिंक बी स्टार्ट अप सेंटर शुभारंभ के अवसर पर वैलनेस टूरिज्म का भी औपचारिक शुभारंभ किया। वैलनेस टूरिज्म के तहत पर्यटकों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन एवं परामर्श भी दिया जायेगा। शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के गुर भी सिखायें जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैलनेस टूरिज्म के जरिये देश-विदेश के पर्यटक बस्तर अंचल में आने के लिए आकर्षित होंगे। इससे अंचल में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ लोगों को आय का जरिया भी मिलेगा।

सीमा पार से गहरी साजिश!

पंजाब चुनाव से पहले हिंदूवादी नेताओं पर हो सकते हैं हमले

नई दिल्ली। पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हिंदूवादी नेताओं पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई हमले की योजना बना रही है। देश की खुफिया एजेंसियों ने इनपुट के आधार पर पंजाब में बीजेपी और हिंदू समर्थक नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पंजाब पुलिस को सतर्क किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस आरएसएस की शाखा और हिंदू राजनेताओं को निशाना बनाने के लिए एक टिफिन बॉक्स में आईईडी लगाने की योजना बना रहा है।

■ न्यूज गैलरी

कांग्रेस नेताओं की दादागिरी सड़क निर्माण में कर रहे हैं मनमानी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के नियत से विभागों में काम जारी किए ताकि युवा काम कर सकें और बेरोजगार ना रहे। वहीं राजनांदगांव लोक निर्माण विभाग से कांग्रेस नेता को कंक्रीट सीमेंट की रोड निर्माण का कार्य दिया गया। यह कार्य जिले के पदुमतरा गांव के हाई स्कूल का है। कार्य का अनुबंध क्रमांक 3634, 125 मीटर, लागत 19.98 दिनांक 19/07/2021 को कार्य का ठेका कांग्रेस नेता को मिला और काम पूर्ण करके देने की समय अवधि 16 नवंबर थी। ग्रामीणों की शिकायत है कि आज पर्यंत वहां पर किसी भी प्रकार का कोई कार्य शुरू ही नहीं हुआ है और कार्य पूर्ण करने की समय अवधि भी जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग में शिकायत भी दर्ज की गई है। ठेकेदार से इस बारे में संपर्क करने पर उसने गोलमोल जवाब देते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई पर उनसे संपर्क नहीं हो पाया। सरकार ने अपनी साफ नियत से बेरोजगारों को रोजगार देने का अवसर प्रदान किया और यही कांग्रेस नेता खुद काम लेकर और काम को समय पर ना पूरा करके अपनी ही पार्टी की किरकिरी कराने में लगे हैं। सरकार को चाहिए की सभी योजनाओं को सही काम करने वालों को ही और अच्छे काम करने वालों को ही प्राथमिकता के साथ दिया जाए।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

दुर्ग (नव प्रदेश)। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर रोकथाम की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु जारी अभियान के तहत आज आबकारी टीम द्वारा ग्राम घोरारी थाना रानितराई में आरोपी गैंदबाई सतनामी पति हूबलाल से 70 लीटर महुआ मदिरा जप्त कर आरोपी को आबकारी अधिनियम कें अंतर्गत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है।

नगरीय निकायों के निर्वाचन की घोषणा, कलेक्टर ने तैयारियों का किया निरीक्षण

स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष भी चिन्हांकित किये गये

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं एसएसपी बद्रीनारायण मीणा ने नगरीय निकायों में निर्वाचन की तैयारियों का निरीक्षण किया। वे भिलाई, भिलाई-चरौदा, रिसाली तथा जामुल नगरीय निकाय पहुंचे। यहां उन्होंने नामांकन की, स्ट्रांग रूम की और मतगणना कक्ष की आवश्यक तैयारियां देखी। कलेक्टर ने रिटर्निंग अधिकारियों के कक्ष भी देखे तथा इस संबंध में निर्देश दिये। नामांकन की प्रक्रिया के लिए जरूरी तैयारियां भी कलेक्टर ने देखी। उन्होंने स्क्रूटनी आदि कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकायों में स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष भी देखे। यहां अधिकारी द्वय ने सुरक्षा से संबंधित तैयारियों के बारे में भी जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मतगणना कक्ष व्यवस्थित होना चाहिए तथा यहां स्पेस भी काफी होना चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय सीमा पर तय कर ली जाए। कलेक्टर ने रिसाली में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई में कल्याण कालेज, भिलाई तीन में स्व. खूबचंद बघेल महाविद्यालय एवं जामुल में हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, भिलाई निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, एडीनशन एसपी संजय ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इस संबंध में कलेक्टर ने प्रेसवार्ता भी ली प्रेसवार्ता में उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के संबध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिसाली हेतु रिटर्निंग ऑफिसर नूपुर राशि पन्ना, भिलाई हेतु पद्मिनी भोई, भिलाई-चरोदा हेतु विपुल गुप्ता एवं जामुल हेतु जागेश्वर कौशल रिटर्निंग आफिसर होंगे। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकाल का ध्यान रखा जाएगा। सेनिटाईजर की व्यवस्था होगी। कोविड से पीड़ित मरीज भी मतदान दे सकेंगे इसके लिए आखिरी घंटे में विशेष व्यवस्था होगी। इस दौरान एसएसपी बद्रीनारायण मीणा भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि 426 संवेदनशील केन्द्र है और 10 अतिसंवेदनशील केन्द्र है। इनमें सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा भी उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा बाल दिवस के अवसर पर आर्टस् क्लब के साथ आयोजित मां और बच्चे की युगल जोड़ी के लिए आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 23 नवंबर को नेहरू आर्ट गैलरी में सम्पन्न हुआ। रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को महाप्रबंधक (जनसंपर्क), सुबीर कुमार दरिपा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

महाप्रबंधक (जनसंपर्क), सुबीर कुमार दरिपा ने पुरस्कार विजेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पालक तथा बच्चों ने साथ मिलकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया इसलिए यह एक अद्भुत अनुभव रहा। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं तथा प्रतिभागियों को बधाई दी। सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश तथा उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संयंत्र के आरसीएल विभाग में सीनियर तकनीशियन राजेन्द्र कुमार वर्मा की पुत्री काजोल वर्मा, द्वितीय पुरस्कार एचआरडी के सीनियर स्टाफ असिस्टेंट अतुल जैन के परिवार से मिली जैन और सुश्री सौम्या जैन तथा तृतीय पुरस्कार परचेज विभाग की डीजीएम यामिनी ताम्रकार एवं उनके पुत्र शुभरव ताम्रकार ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अन्य प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गिल्बर्ट जोसफ आर्टिस्ट और संयंत्र के चिकित्सा विभाग में कार्यरत रंगोली में निपुण वंदना वैश्य इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण थे। यह प्रतियोगिता आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित की गयी थी, जो मार्च 2021 में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू हुई थी। कार्यक्रम का संचालन अपर्णा चन्द्रा द्वारा किया गया।

सड़क दुर्घटना घायल को मिली आर्थिक सहायता

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सड़क दुर्घटना में घायल के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। विदित हो कि मृत श्री टामन निषाद को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति को आर्थिक सहायता दिए जाने की अनुशंसा की गई थी।

नेवई टैंक की होगी मरम्मत, तीन दिनों तक पानी सप्लाई प्रभावित

रिसाली (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के संपूर्ण नेवई व मरोदा क्षेत्र में तीन दिनों तक जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। 26 से 28 नवम्बर तक नेवई स्थित ओवर हेड टैंक का मरम्मत किया जाएगा। नागरिकों को 29 नवम्बर सुबह पेयजल आपूर्ति की जाएगी। निगम प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की है। जल प्रदाय प्रभारी गोपाल सिन्हा ने बताया कि ओवर हेड टैंक नेवई में जल भराव के बाद पानी का रिसाव लगातार हो रहा है। जिसे ठीक करने 26 नवम्बर सुबह पेयजल आपूर्ति के बाद शॅट डाउन लिया जाएगा। ओवर हेड टैंक को खाली कर पहले केमिकल कोटिंग किया जाएगा। इसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। लगातार तीन दिन कार्य चलने के बाद 28 नवम्बर की देर रात ओवर हेड टैंक में पुनः फिल्टर हाउस से सप्लाई के लिए पानी भरा जाएगा। प्रभारी उप अभियंता ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने टैंकर की व्यवस्था की गई है। डिमांड और आवश्यकता अनुरूप पेयजल देने प्वाइंट तैयार किया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती ज्ञानेश्वरी साहू — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202110100400441, अ/2, 2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्ञानेश्वरी साहू पति श्रवण कुमार साहू निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	671/30	0.018 हें 2013.33 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400169

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शेख अयुब आ. शेख महबूब निवासी- केलाबाड़ी दुर्ग अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-कसारीडीह प.ह.नं. 56 व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 176/9 रकबा 0.009 हे. 981 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400060

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रामकली पति राजेन्द्र कुमारी निवासी-रिसाली सेक्टर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 601/54 रकबा 0.012 हे. 1350 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

आन.प्र.क्र.- 202111100600043 अ-2 वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अंकित सोमानी पिता श्री विजय कुमार सोमानी निवासी जी/12, आदर्शनगर, कसारीडीह, तह. व जिला दुर्ग(छ.ग.) के द्वारा ग्राम गोंडपेण्डरी प.ह.नं. 23 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 649/2 रकबा 0.0400 हे. अर्थात 4350 वर्गफीट भूमि पर औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 06/12/2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, (रा) पाटन, जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400059

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार देशमुख आ. तोरण सिंह देशमुख निवासी-सुभाष नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 601/55 रकबा 0.011 हे. 1200 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

आन.प्र.क्र.- 202109100600007 अ-2 वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रतना बाई राजपूत पिता श्री सुनील कुमार निवासी ग्राम सहसपुर, बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1695/6 रकबा 0.090 हे. अर्थात 1100 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 27/11/2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, (रा) पाटन, जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400198

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हिमांशु द्विवेदी आ. स्व. रामायण प्रसाद द्विवेदी निवासी-शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 299 रकबा 0.01 हे. 1350 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, पाटन जिला-दुर्ग
ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक..अ/19 वर्ष 20-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अटारी प.ह.नं. 38 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष छ.ग. आदर्श शिक्षण समिति पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अटारी प.ह.नं. 38 स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 442 रकबा 13.42 हे. मे से 1.18 हे. को बिल्डिंग एवं खेल मैदान के लिए उक्त भूमि को छ.ग. आदर्श शिक्षण समिति पाटन के नाम पर आबंटन किये जाने हेतु प्राप्त है। अतः आवेदक अध्यक्ष छ.ग. आदर्श शिक्षण सिमित पाटन जिला दुर्ग द्वारा प्रस्तुत भूमि मांग के आधार पर भूमि आबंटन की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दावा पेश करना हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 13/12/21 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नितय तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/21 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

मुहर — तहसीलदार, पाटन

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल दुर्ग तह. व जिला दुर्ग
आम सूचना

विषयः- सीमांकन बाबत।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 7/9/12 के आदेशानुसार आवेदक श्रीमती आशा शर्मा पति अजय शर्मा साकिन गंजपारा दुर्ग ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 32/2 रकबा 0.081 हे. जिसके विक्रय विलय में वर्णित अनुसार चौहदी सीमा उत्तर में ख.नं. 23 दक्षिण में ख.नं. 161 पूर्व में 32 का भाग पश्चिम में 31/5 सीमांकन दिनांक 03/12/2021 को पूर्वान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किाय जाना हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमिस्वामी खसरा नं. की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.मा.क्र. 202111100700172/अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत वगै. पिता स्व. सुंदर लाल निवासी ग्राम शिवपारा दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 536/50 (548/65), 549/1/स (549/2ब), 554/32 रकबा कुल 0.025 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता बसंत अन्य दो पिता स्व. सुंदरलाल निवासी ग्राम शिवपारा दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 08/11/21 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मै भाषित दिवान पिता एस.के.दीवान, निवासी- ई 7/5 चौहान टाउन जुनवानी तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं कि मेरा पूरा व सहि नाम भाषित दिवान है जो कि मेरी समस्त अंकसूची एवं दस्तावेजों में दर्ज है जो कि सही व सत्य है। कि मेरी जन्मतिथि 18/7/1998 है कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा नाम अक्षत दर्ज हो गया है कि मै उक्त नाम को परिवर्तित कर अपना नया नाम भाषित दिवान कर लिया गया है। अब मुझे भाषित दिवान इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। जिस हेतु मैने श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित कर लिया है कि मै शासकीय गजट प्रकाशन में अपना नाम भाषित दिवान प्रकाशन करवाना चाहता हूं।

सो सूचना जाने।

भवदीय
भाषित दिवान
निवासी- ई.7/5 चौहान टाउन
जुनवानी तह. व जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-74/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भागचंद पिता हनुमान बसंगधन, ईश्वरी प्रसाद आ. नदलाल वर्मा निवासी गया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम करगाडीह प.ह.नं. 43 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 478 रकबा 0.0500 हे. लगान 0.15 पैसा भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम/जीर्ण हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कविता देशलहरे वगै पति संजीत देशलहरे निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 380/8 रकबा 0.267 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता फेकीबाई के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 11/08/16 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202111103300073/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल नारायण सिंह राजपूत पिता ठाकुर राम सिंह निवासी वार्ड नं. 17 नयापारा बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 826/2 का टु. रकबा 362 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता शशांक श्रीवास्तव पिता अनुपम कुमार श्रीवास्तव से दिनांक 02/11/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन देवांगन पिता स्व. रेवा राम देवांगन निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1275/74, 1281/7, रकबा 0.006, 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रेवाराम देवांगन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, पाटन जिला-दुर्ग
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रोशनी साहू पति हेमन्त साहू निवासी सुदामा नगर रायपुर तहसील रायपुर द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 8 तहसील पाटन की भूमि खसरा नंबर 1537/21 रकबा 0.02 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में हेमनदास के नाम दर्ज है, सहखातेदार हेमनदास की मृत्यु दिनांक 05.04.2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती दर्ज किये जाने आवेदन किया है उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/12/2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, (रा) पाटन, जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चिन्ना बालैय्या पिता स्व. माल कोन्डय्या निवासी ग्राम सेक्टर-7 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 860/39 का टु. रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता रबिन्दर सिंह पिता कुंवर बहादुर सिंह अन्य-1 निवासी ग्राम रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08/12/2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद नासीर पिता स्व. रमीजुद्दीन निवासी ग्राम केलाबाड़ी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह स्थित भूमि खसरा नंबर 687/638 का रकबा 0.046 हे. भूमि को विक्रेता कनीज फातिमा पति अहफाज खान निवासी ग्राम केलाबाड़ी कसारीडीह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद नासीर पिता स्व. रमीजुद्दीन निवासी ग्राम केलाबाड़ी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/638 का रकबा 5004 वर्गफुट भूमि को विक्रेता कनीज फातिमा पति अहफाज खान निवासी ग्राम केलाबाड़ी कसारीडीह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दिव्या रंगारी पिता/पति श्री सचिन रंगारी निवासी ग्राम से. 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/20 का रकबा 0.016 हे. भूमि को विक्रेता विश्वास गुप्ता पिता/पति श्री अशोक गुप्ता निवासी ग्राम सुभाषनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08/12/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका डॉ स्वाति गुप्ता पिता/पति श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी ग्राम हा.बो.बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/25 का रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता विश्वास गुप्ता पिता/पति श्री अशोक गुप्ता निवासी ग्राम सुभाषनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 7/12/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पद्मिनी टंडन पति जितेन्द्र कुमार टंडन निवासी ग्राम कोदामाट तहसील व जिला कांकेर के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 224/11 का टु. रकबा 1000 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती हीना कुकरेजा पति सी.जे. कुकरेजा निवासी ग्राम गुरूनानक नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202111100700217 //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परवीन बानो पति नवाब मोहम्मद निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/224 का टु. रकबा 593.21 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती परीक्षित सिंह गुप्ता पिता अजय सिंह गुप्ता अन्य-1 निवासी ग्राम गौरवपथ दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 7/12/21 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202111100700195//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश वर्मा पिता जैन लाल वर्मा निवासी ग्राम अहेरी तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 278/7 रकबा 0.020 हे. भूमि को विक्रेता मुकेश कुमार हरदिहा स्व. रामलाल हरदिहा निवासी ग्राम नेहरू नगर भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

मनरेगा में बढ़ रही है 'आधी आबादी' की भूमिका, 56 प्रतिशत मेट महिलाएं

■ महिला श्रमशक्ति की भागीदारी 50 प्रतिशत से ज्यादा,

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) कार्यों में 'आधी आबादी' यानि महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में अकुशल श्रमिक के रूप में काम करने वालों में करीब 51 प्रतिशत महिलाएं हैं। कार्यस्थल पर काम की नाप-जोख और श्रमिकों के प्रबंधन का काम देखने वाले मेटों में महिला मेटों की भागीदारी 56 प्रतिशत है। मेट के रूप में गांव की महिलाएं कार्यस्थलों पर बदली हुई भूमिका में नजर आ रही हैं। पहले केवल मजदूरी करने तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब मेट के तौर पर श्रमिकों के प्रबंधन के साथ ही कार्यस्थल पर गोदी खोदने के लिए चूने से मार्किंग, मजदूरों द्वारा किए गए कार्य को मापकर उसे माप-पुस्तिका में दर्ज करने और श्रमिकों के जॉब-कार्ड को अद्यतन करने जैसे महत्वपूर्ण मैदानी काम कर रही हैं। मनरेगा में वे अर्द्धकुशल श्रमिक के रूप में सेवाएं देती हैं और इसी के अनुरूप उन्हें भुगतान भी प्राप्त होता है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

मनरेगा में महिला मेट की नियुक्ति के बाद से कार्यस्थलों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं को मनरेगा में मेट के रूप में नियुक्ति में प्राथमिकता दी जा रही है। गांवों में पहले से ही स्वावलंबन की अलख जगा रही ये महिलाएं बांकी महिलाओं को भी न केवल मनरेगा में रोजगार दिला रही हैं, बल्कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने में भी सहायता कर रही हैं। उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़कर आय के स्थाई साधन तैयार कर रही हैं। महिला मेट मनरेगा कार्यस्थलों में महिलाओं की परेशानी के निदान का भी विशेष ध्यान रखती हैं। उनकी निगरानी में कार्य करने का मौका पाकर महिलाएं मनरेगा कार्यों से ज्यादा संख्या में जुड़ रही हैं।

मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिला मेटों की

मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिला मेटों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत कुल मेटों में से 56 प्रतिशत महिलाएं हैं। प्रदेश में अभी 43 हजार 313 महिला मेट काम कर रही हैं, जबकि पुरूष मेटों की संख्या 33 हजार 675 है। राज्य के 28 जिलों में से 24 जिलों में महिला मेटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। महिला मेटों की भागीदारी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 82 प्रतिशत, बिलासपुर में 79 प्रतिशत, कोरबा में 72 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज में 70 प्रतिशत, महासमुंद में 66 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 65 प्रतिशत, दुर्ग में 63 प्रतिशत, रायपुर में 61 प्रतिशत और रायगढ़ में 60 प्रतिशत है। बीजापुर, मुंगेली और सूरजपुर में कार्यरत कुल मेटों में से 59-59 प्रतिशत महिलाएं हैं। बस्तर और राजनांदगांव में 58-58 प्रतिशत, कोंडागांव में 56 प्रतिशत, बालोद, जांजगीर-चांपा, कोरिया और सुकमा में 55-55 प्रतिशत, बेमेतरा में 54 प्रतिशत, कबीरधाम में 52 प्रतिशत, कांकेर और सरगुजा में 51-51 प्रतिशत तथा जशपुर जिले में 50 प्रतिशत मेट महिलाएं हैं।

मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिला मेटों की 50 प्रतिशत रोजगार सृजन महिलाओं द्वारा ही चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में मनरेगा के अंतर्गत रोजगार प्राप्त श्रमिकों में महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी करीब 51 प्रतिशत है।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस एकतरफा चुनाव जीतेगी : मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 15 निकाय क्षेत्रो के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम का स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि हमारी चुनावी तैयारियां पूरी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के द्वारा पिछले तीन वर्ष में किये गए कामो की बदौलत कांग्रेस इन 15 नगरीय निकाय क्षेत्रो में जीत हासिल करेगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस की सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए न सिर्फ योजना बनाया उन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी किया। किसान, युवा, अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला, ग्रामीण, शहरी सभी वर्ग के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कांग्रेस ने काम किया है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक, जन्म प्रमाण पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र की सुविधा, जमीन की गाइडलाइन दर में 30 प्रतिशत कटौती, आमजनों के सहायतार्थ हेल्प डेस्क, गुमास्ता लाइसेंस हर साल नवीनीकरण की छूट, नगरीय क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था मजबूत, घरेलू पेयजल कनेक्शन, मिनीमाता अमृतधारा नल योजना, राजीव गांधी सर्वजल योजना, मोर जमीन-मोर मकान, पौनी पसारी योजना, आबादी पट्टों का वितरण। नगरीय निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के कामों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। राष्ट्रपति के हाथों कांग्रेस के 67 निकायों को सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है, भूपेश सरकार ग्रामीण के साथ शहरी विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

केंद्र की चाटुकारिता में भाजपा नेता राज्य के हितों के खिलाफ खड़े है

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बारदाना के संबंध में प्रधानमंत्री को लिखे गये पत्र के बारे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गये बयानों को कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता अपनी केंद्र सरकार के बचाव में राज्य के किसानों के हितों के खिलाफबयान दे रहे है। भाजपा नेता बतायें कि वे धान खरीदी के लिये छत्तीसगढ़ को बारदाने की जरूरत से सहमत है या नहीं? अभी तक किसी भी भाजपा नेता केंद्र सरकार से राज्य सरकार को उसके द्वारा मांगे गये बारदानों की आपूर्ति के लिये पहल क्यों नहीं किया? रमन सिंह, धरमलाल कौशिक, विष्ण देव साय बतायें कि राज्य को बारदाना की आपूर्ति के लिये प्रधानमंत्री को कब पत्र लिख रहे है? भाजपा के 9 सांसद प्रधानमंत्री, केंद्रीय खाद्य मंत्री से बारदाना दिलाने कब पहल करेंगे? राज्य सरकार पर राजनीति करने का झूठा आरोप लगा कर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता न सच्चाई को झुठला सकते है और न अपनी जवाबदारी से बच सकते है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में इस वर्ष 105 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होनी है। इसके लिये 5.25 लाख गठान बारदानों की जरूरत है इसके लिये 2.14 लाख नये बारदानों की स्वीकृति दी है। 5.25 लाख गठान बारदानों की जरूरत होगी। इसमें से 2.14 लाख गठान नये बारदाने जूट कमिश्नर कोलकाता के माध्यम से खरीदने की अनुमति केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने दिया है। इसके लिये तत्काल छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी समिति ने 2.14 गठान के लिये इंडेन्ट (आपूर्ति आर्डर) जारी किया गया। जिसके विरूद्ध अभी तक छत्तीसगढ़ मात्र 86855 गठान बारदाना दिया गया है। जबकि अभी तक 1.5 लाख गठान मिल जाना था। केंद्र का यह रवैया छत्तीसगढ़ विरोधी नहीं है और क्या है?

केंद्र सरकार कपड़ा और जूता चप्पल पर बढ़ाई गई जीएसटी की दरें वापस लें

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के द्वारा जूता-चप्पल और कपड़ा पर लगने वाले जीएसटी के दर में की गई बढ़ोतरी को कांग्रेस ने गरीब विरोधी करार दिया और वापस लेने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि हाथी के दांत दिखाने के कुछ और खाने की कुछ और इस नीति पर केंद्र की मोदी भाजपा की सरकार चल रही है। पहले पेट्रोल-डीजल में 33 रू. और 32 रू. एक्ससाइज ड्यूटी बढ़ाकर 5 रू. सेस लगाकर आम जनता के जेब में डाका डाला गया। जब उपचुनाव में हार का सामना हुआ तब पेट्रोल डीजल में 5 रु एवं 10 रू. की कटौती कर वाहवाही लूटने का काम की। अब दूसरी ओर से कपड़ा जूता-चप्पल के जीएसटी की दरों में बढ़ोतरी कर आम जनता से पुनः लूटमार की शुरूआत की गई। यह गरीब जनता के साथ धोखा, अन्याय मोदी भाजपा की सरकार कर रही है। बड़े-बड़े मंचों से मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा कराने का सब्जबाग दिखाया था वह भी झूठा निकला। अब गरीब हवाई चप्पल खरीदने में भी मोदी निर्मित महंगाई की मार के शिकार होंगे।

मोदी सरकार 80 करोड़ गरीब जनता को 5 किलो मुफ्त राशन, मुफ्त कोरोना टीका देने का दावा कर रही थी उसकी पोल खुल गई है अब मुफ्त टीका एवं मुफ्त राशन के दाम वसूलने के लिये हवाई चप्पल जूता एवं कपड़ा में लगने वाले जीएसटी के दर 5 प्रतिशत को बढ़ाकर 12 प्रतिशत की है। कपड़ा जूता चप्पल में पहले 5 प्रतिशत जीएसटी लगता था जो 1000 रु से ऊपर के खरीदी पर लागू होती थी। अब 25 रु का रुमाल खरीदने में भी 12 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। मोदी भाजपा सरकार के मनमानी गलत नीतियों पूंजीवादी समर्थन नियत के चलते देश के 80 करोड़ गरीब जनता के हाथों में रोज काम नही है दो जून के अनाज के लिए संघर्ष कर ही रहे है। अब गरीब का परिवार जूता चप्पल कपड़ों के लिए भी तरसने लगेंगे, जिस प्रकार से मोदी सरकार की नीतियां हैं अब गरीब के बच्चों के पैरों के चप्पल, तन का कपड़ा भी मोदी के मुनाफाखोरी के भेंट चढ़ जाएंगे।

मंत्री भेंड़िया ने कोरोना की संभावित लहर से निपटने चिकित्सा उपकरणों को झंडी दिखाकर किया रवाना

■ ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भेजे साढ़े सात लाख रूपए के चिकित्सा उपकरण

रायपुर/नवप्रदेश। कोविड की दूसरी लहर का असर ग्रामीण और दूर दराज के इलाको पर भी देखने को मिला। दूसरी लहर मे ऑक्सीजन की जरूरत प्रमुख रूप से सामने आई। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने पूर्व तैयारी हेतु महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज रायपुर के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित अपने निवास से बालोद जिले के डोंडी-लोहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए लगभग साढ़े सात लाख रूपए के चिकित्सा उपकरणो की गाड़ी को रवाना किया।

चिकित्सा उपकरण कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों मे मदद करते हुए ऑक्सफैम इंडिया संस्था द्वारा मिशन संजीवनी के तहत प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने ऑक्सफैम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना की दूसरी लहर से ज्यादा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व तैयारी के लिए यह मदद महत्वपूर्ण है। यह स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु चिकित्सा उपकरण में आक्सीजन सिलेंडर 40 लीटर क्षमता के 6 नग, आक्सीजन फ्लो मीटर 10 नग, आक्सीजन नसल मास्क 40 नग, पल्स आक्सी मीटर 6 नग, नेबुलाइज़र 6 नग, बेड सेमी फ़उलर गद्दा सहित 5 नग, बी पी मशीन एल ई डी 2 नग, डिजिटल थर्मामीटर 10 नग, मल्टी पेरामीटर पेशेंट मॉनिटर 1, बाईपेप मशीन 1 नग एवं ऑक्सिजन कोन्सेंट्रेटर 1 नग शामिल हैं। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिय 100 पीपीई किट भी है। इस तरह के चिकित्सा उपकरण ऑक्सफैम इंडिया ने 9 अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आवश्यकता अनुसार 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो को भी प्रदान किये गए हैं।

ऑक्सफैम इंडिया के प्रतिनिधि श्री आनंद शुक्ल ने बताया कि कोविड महामारी के व्यापक प्रभाव को देखते हुए ऑक्सफैम इंडिया संभावित तीसरे लहर की पूर्व तैयारी के लिए ग्रामीण और दूर दराज के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे चिकित्सा उपकरणो को पहुचाने प्रयासरत है। चिकित्सा उपकरणो के साथ साथ जरूरतमन्द लोगों के लिए सूखा राशन की भी व्यवस्था की गई है।

ऑक्सफैम इंडिया के प्रकाश गार्डिया ने बताया कि ऑक्सफैम ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष फोकस कर रही हैं। वर्तमान में कबीरधाम और राजनान्दगाँव जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिनों को मेडिकल किट प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा उपकरणों के साथ साथ जानकारीयों के फैलाव पर भी काम हो रहा है। चिकित्सकों के द्वारा वैक्सीन पर जागरूकता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ी मे मेसेज भी रेकॉर्ड किए गए हैं।

एआईसीसी के छग प्रभारी पीएल पुनिया आज रायपुर आएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 25 नवंबर गुरुवार को दोपहर 12.45 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा लखनऊ से विमानतल रायपुर पहुंचकर सर्किट हाउस के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2 बजे आसन्न नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में राजीव भवन रायपुर में आयोजित बैठक में भाग लेंगे। शाम 5 बजे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। रात्रि 8.45 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

एनएमडीसी को खान मंत्रालय ने प्रदान की 5 सितारा रेटिंग

हैदराबाद/रायपुर/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एन एम डी सी को खान और खनिज पर 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी सभी प्रचालनगत लौह अयस्कय खानों अर्थात कुमार स्वामी, बचेली निक्षेप 5, निक्षेप 14 एन एम जेड और निक्षेप संख्या 10 के लिए तीन साल की कुल नौ 5- स्टार रेटिंग मिली। माननीय खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने कंपनी के सुस्थिर खनन प्रयासों के लिए एन एम डी सी के निदेशक (उत्पादन) श्री दिलीप कुमार मोहंती को सम्मानित किया। माननीय केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने खान और खनिज पर 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की और राज्य सरकारों को 52 से अधिक खनिज ब्लॉक आवंटित किए। उन्होंने मान्यता प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक ई- पोर्टल भी लॉन्च किया। खान मंत्रालय ने टिकाऊ और जिम्मेदार खनन प्रक्रिया का पालन करने वाली खानों को वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए 5 स्टार रेटिंग प्रदान की। एन एम डी सी की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए निदेशक (उत्पादन) श्री दिलीप कुमार मोहंती ने कहा, ÷भारतीय खनन उद्योग में एक प्रमुख हित धारक के रूप में, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऊर्जा सक्षम और टिकाऊ उत्पादन प्रक्रियाओं को लागू करें। पांच सितारा रेटिंग पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पुरस्कार पर टीम को बधाई देते हुए श्री सुमित देब- सीएमडी, एन एम डी सी ने कहा, पिछले वर्षों में हमारे खनन परिसर डिजिटलीकरण की ओर बढ़े हैं। एन एम डी सी ने खनन के सुरक्षित, वैज्ञानिक और पर्यावरण हितैषी तरीकों को अपनाया है जिन का पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। हम हमारे आदर्श वाक्य के अनुरूप पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण की विभिन्नय पहलों पर प्रगति जारी रखे हुए हैं।

भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आइकोनिक वीक का किया गया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आइकोनिक वीक का आयोजन दिनांक 24.11.2021 को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री सुनील सोनी सांसद लोकसभा रायपुर क्षेत्र की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत में श्री अनुपम दुबे महाप्रबंधकए भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा माननीय सांसद का स्वागत किया गयाए अपने स्वागत भाषण में श्री अनुपम दुबे महाप्रबंधक क्षेत्र द्वारा यह सूचित किया गया है कि समूचे भारतवर्ष में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर भारत सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 15 लाख मेट्रिक टन चावल अतिरिक्त आ व ं ट न छत्तीसगढ़ राज्य को किया गया था। जिसका शत प्रतिशत उठाव पूर्ण हो चुका है जिससे छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 2 करोड़ लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ है।

भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ क्षेत्र ने कोविड महामारी के दौरान भी चावल उपार्जन का कार्य निर्वाध रूप से जारी रखी गई है। भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अप्रैल 2020 से लेकर नवम्बर 2021 तक 1489 रेकों के माध्यम से 39॰46 लाख मेट्रिक टन चावल बंगालए बिहारए झारखंडए महाराष्ट्र आदि राज्यों को भेज गया है जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली कोरोना के इस भयंकर दौर में भी निर्बाध रूप से जारी रखी गई है। इस दौरान विभिन्न राज्यों को रोड परिवहन के द्वारा भी 2॰65 लाख मेट्रिक टन चावल की आपूर्ति की गई है।

मुख्यमंत्री निवास पर प्रदर्शन के बजाय भाजपा को आत्मग्लानि कर मंदिर के सामने प्रायश्चित करना चाहिए

कवर्धा में दंगा भड़काने वाली भाजपा शांति के बाद फिर स्तरहीन राजनीति कर रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा में दंगा भड़काने वाली भाजपा वहाँ पर शांति की स्थापना के बाद फिर से तनाव बढ़ाने स्तरहीन राजनीति कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कवर्धा में दंगा भड़काने का महा पाप करने वाली भाजपा को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदर्शन करने के बजाय आत्मग्लानि कर किसी मंदिर के सामने प्रायश्चित करना चाहिए। युवकों की टोली के छोटे से आपसी झगड़े को भाजपा और सहयोगी संगठन के लोगों ने साम्प्रदायिक तनाव का रंग दिया। कवर्धा के बाहर से भाजपा आरएसएस और उनके सहयोगी संगठन के कार्यकर्ताओ को वहां बुलवा कर माहौल को और खराब कराने की कोशिश की गई। शांति मार्च निकालने के नाम पर राजनांदगांव के भाजपा सांसद संतोष पांडे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जानबूझकर आपत्तिजनक नारे लगवा कर दंगा भड़काया।

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के छोटे-बड़े सभी नेता कवर्धा गए पर किसी ने भी वहां पर शांति की अपील नही किया। सभी नेता चाहते थे यह तनाव और बढ़े और इसका विस्तार कवर्धा से निकल कर प्रदेश में सब जगह हो ताकि भाजपा अपनी राजनैतिक रोटी सेक सके। आरएसएस और भाजपा ने इस मामले को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन करने का प्रयास किया लेकिन उनके आंदोलन को जनसमर्थन नहीं मिल पाया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब भाजपा सत्ता में नहीं रहती अपने अस्तित्व के संकट से जूझती है तब वह धर्म का सहारा लेती है।

राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी आज आ रहे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी दिनांक 25 नवंबर 2021 गुरूवार को इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा शाम 4.14 बजे रायपुर पहुंचेंगे। दिनांक 26 नवंबर 2021 शुक्रवार को सुबह 10 बजे गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, स्टेशन रोड, पहुंचकर दर्शन एवं सिक्ख कमेटी गुरूद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा अमरकंटक गुरूद्वारा दर्शन हेतु आयोजित बस यात्रा को हरी झण्डी दिखायेंगे। दोपहर 12.30 बजे राजीव भवन में वरिष्ठ कांग्रेसजनों से भेंट एवं चर्चा करेंगे। दोपहर 1 बजे संविधान दिवस के अवसर पर राजीव भवन रायपुर में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 5 बजे गुरूद्वारा गुरू गोविन्द सिंघ सभा, गोविन्द नगर पंडरी द्वारा सम्मान समारोह में भाग लेंगे एवं दर्शन करेंगे। दिनांक 27 नवंबर 2021 शनिवार को सुबह 9 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिये रवाना होंगे। सुबह 11 बजे बिलासपुर में संविधान दिवस के अवसर पर स्थानीय झूलेलाल मंगलम भवन में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 2 बजे बिलासपुर से रायपुर के लिये रवाना होंगे। शाम 4 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

निराकरण थाना प्रभारी आजाद चौक के साथ तत्कालीन सब इंस्पेक्टर को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के दिये निर्देश

कार्यस्थल पर प्रताड़ना के प्रकरण में अनावेदक ने आयोग के समक्ष आवेदिका से मांगा माफी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य नीता विश्वकर्मा की उपस्थिति में आज शास्त्री चौक स्थित, राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की गई।

आज एक प्रकरण में पिछले सुनवाई में आवेदिका के गायब होने की शिकायत आवेदिका की ओर से उपस्थित पक्षकार ने किया था। अनावेदक ने आज दस्तावेज दिखाए है जिसमे मकान को खाली करने का प्रकरण कलेक्टर कार्यालय में केस दर्ज किया हुआ है, आवेदिकागणों ने स्वीकार किया कि प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन है। महिला आयोग के अधिनियम मे किसी न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने पर किसी प्रकरण की सुनवाई नही किया जा सकता इस आधार पर इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका की शिकायत गम्भीर प्रकृति का है। इस प्रकरण में आवेदिका के पुत्र ने सुसाइड नोट लिखा था कि मैं अपनी पत्नी के कारण सुसाइड कर रहा हूं। जिसकी जांच पुलिस थाना आजाद चौक, रायपुर द्वारा किया जा रहा था पर अभी तक किसी भी प्रकार से कार्यवाही नही किया गया है और एफआईआर की कॉपी भी नहीं मिली है। आवेदिका के पुत्र ने मई माह में आत्महत्या की है।

इस प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए थाना प्रभारी आजाद चौक रायपुर और तत्कालीन सब इंस्पेक्टर को आयोग के समक्ष उपस्थित करने के निर्देश आयोग की अध्यक्ष ने दिए हैं।

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में पति के द्वारा पत्नी के उपर चारित्रिक दोषारोपण करते हुए सामाजिक बैठक बुलाया गया, जहाँ सभी अनावेदक गण उपस्थित थे प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने के कारण समस्त अनावेदकगणों को आयोग द्वारा समझाईश दिया गया कि समाज प्रमुख अनावेदक को लेकर उपस्थित हो अन्यथा कड़ी कार्यवाही के लिये अनावेदकगण स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

कार्यस्थल पर प्रताड़ना के प्रकरण में अनावेदक ने आयोग के समक्ष आवेदिका से माफी माँगा जिससे प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

आज जनसुनवाई में 20 प्रकरण में 18 पक्षकार उपस्थित हुए तथा 6 प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया शेष अन्य प्रकरण को आगामी सुनवाई में रखा गया।

संपादकीय

यूपी में महागठबंधन की कवायद

उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ महागठबंधन बनाने की कवायद तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पहले छोटे दलों का गठबंधन बनाया और अब वे बड़ी पार्टियों को भी एकजुट करने में लगे हुए है। आम आदमी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के साथ उनकी मुलाकात हुई है। इसके पूर्व अखिलेश यादव के साथ राष्ट्रीय लोक दल के नेता जयंत चौधरी की भी मुलाकात हो चुकी है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन होना लगभग तय है। आम आदमी पार्टी के साथ भी अखिलेश यादव गठबंधन करने के लिए पूरी कोशिश कर रहे है। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर चुके ओम प्रकाश राजधर ने असदुद्दीन ओवैसी को भी इस गठबंधन का हिस्सा बनाने की कोशिशें तेज कर दी है। गौरतलब है कि पहले ओम प्रकाश राजधर ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ भी गठबंधन किया था लेकिन उन्होने अलग होकर समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर लिया। अब वे इस कोशिश में है कि ओवैसी भी इस महागठबंधन में शामिल हो जाएं ताकि भाजपा विरोधी मतों का विभाजन रोका जाए और भाजपा को कड़ी चुनौती दी जाए। इस महागठबंधन में आम आदमी पार्टी शामिल होती या नहीं यह आगे पता चलेगा। फिलहाल अखिलेश यादव भाजपा विरोधी मतों के ध्रुवीकरण के लिए तमाम भाजपा विरोधी दलों को एकजुट करने में लगे हुए है लेकिन या काम इतना आसान भी नहीं है। सीटों के बंटवारे को लेकर पेंच फंसेगा। हर राजनीतिक पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपना दावा करेगी और यही से विवाद की स्थिति निर्मित होगी। ओवैसी जैसे नेता भी सौ सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है। आम अदमी पार्टी भी ज्यादा से ज्यादा सीटें चाहेगी, ऐसी स्थिति में इस महागठबंधन का आकार बड़ा होना मुश्किल ही लगता है। बहरहाल उत्तर प्रदेश में अब भाजपा को महागठबंधन के साथ ही कांग्रेस और सत्ता की भी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस और बसपा दोनों ने ही पहले ही यह घोषणा कर रखी है कि वे अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे। वे किसी भी बड़ी राजनीतिक पार्टी से गठबंधन नहीं करेंगे। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में चर्तुकोणी संघर्ष देखने को मिल सकता है। इसमें चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा यह अभी से कह पाना मुहाल है लेकिन यह तय है कि भाजपा को इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ेगा।

विचार

यह बड़ी कामयाबी पूरे देश के किसानों की जीत नहीं

संभवतः राजनीतिक वजहों से तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया गया है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह जरूर कहा कि सरकार कुछ किसानों को समझा न सकी, पर आम धारणा यही बनी है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में किसान आंदोलन के पड़ने वाले असर को देखते हुए सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं। पंजाब में बेशक भाजपा का सीधे तौर पर बहुत कुछ दांव पर नहीं है, लेकिन उत्तर प्रदेश उसके लिए काफी अहमियत रखता है। यहां विशेषकर पश्चिमी हिस्से में किसान आंदोलन खासा असरंदाज है।

हालांकि, कई अच्छे प्रावधानों के बावजूद इन कृषि कानूनों में कुछ खामियां थीं। इनमें खेती-किसानी के नियम समान रूप में देश भर में लागू करने की वकालत की गई थी, जबकि अलग-अलग इलाकों में किसानों की अलग-अलग समस्याएं हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जरूरी है, तो महाराष्ट्र और गुजरात में बाजार महत्वपूर्ण हैं। मगर ये कानून एमएसपी को खत्म कर रहे थे और ऑनलाइन कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, जिसकी अपनी मुश्किलें हैं। यही वजह है कि कानून वापसी को पूरे देश के किसानों की जीत नहीं कह सकते। क्षेत्रवार किसानों की अलग-अलग जरूरतें हैं। इतना ही नहीं, सुधार की प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ती है, इसे छड़ी से नहीं हांका जा सकता, जबकि इन कानूनों को संभवतः जोर-जबर्दस्ती से लागू करने की कोशिश की गई। यहां तक कि संसद में एक दिन में ही बिना किसी बहस से इनको पारित करा लिया गया।

नीति आयोग के सदस्य रमेश चांद ने इस बाबत एक फ्रेमवर्क तैयार किया था कि इन कानूनों को किस तरह से लागू करना चाहिए, ताकि इनका पूरा लाभ मिल सके। ये कानून मूलतः माल ढुलाई और व्यापार के माध्यम से किसानों को लाभ देते। मगर तकरीबन दो साल के कोविड संक्रमण-काल में आवागमन की व्यवस्था सुगम नहीं थी, इसलिए रमेश चांद ने राज्य सरकारों से पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद ही इन कानूनों को लागू करने की बात कही थी। अगर अब भी इस फ्रेमवर्क पर काम हो, तो किसानों को लाभ हो सकता है, और कृषि सुधार की सरकार की मंशा भी पूरी हो सकती है।

खेती-किसानी के हित में अब सरकार को कुछ अन्य कदम उठाने चाहिए। जैसे, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे इलाकों में एमएसपी के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। यहां सरकारी खरीद भी तय वक्त पर होनी चाहिए। गुजरात में न्यूनतम समर्थन मूल्य कितना महत्वपूर्ण है, यह कहना तो मुश्किल है, लेकिन तिलहन की खेती में सरकार को जरूर मदद करनी चाहिए। रही बात छोटे किसानों की, तो उनकी समस्याएं कई बार दूसरे कारकों से जुड़ी होती हैं। इसलिए, देश भर में कृषक उत्पादक कंपनियां बननी चाहिए, जो कृषि उत्पादन कार्य में लगी हों और खेती-किसानी से जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियां चलाएं।

असंगठित क्षेत्र को संगठित करने की सराहनीय पहल

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

मजदूरों को उनके ग्रामीण घरों तक पहुंचाया गया था। बीमारों का इलाज कराया गया था। भोजन और पानी की बुनियादी मदद तो सबसे पहले की गई थी। चूंकि तब तक कोई राष्ट्रीय डाटाबेस सरकारों के पास उपलब्ध नहीं था, जिसके आधार पर पर्याप्त मुआवजा या अन्य राहतें मुहैया कराई जा सकतीं। संभव है कि कई कामगार सहायता से वंचित रहे होंगे, लेकिन एक पोर्टल बनाकर भारत सरकार ने अपनी गलतियों और कमियों का प्रायश्चित करने की कोशिश की है। यह प्रयास भी श्रम की अंतिम इकाई और प्रत्येक चेहरे को पहचान देकर पोर्टल पर पंजीकृत करने में सफल होगा, इसकी समीक्षा अभी शेष है। फिलहाल सरकार का मानना है कि करीब 38 करोड़ असंगठित कामगारों का पंजीकरण हो चुका है। अभी तो मंजिल बहुत दूर है। जिन असंगठित मजदूरों और कर्मचारियों का पंजीकरण हो चुका है, उनमें करीब 87 फीसदी ओडिशा के हैं, जो सर्वाधिक आंकड़ा है।

भारत का असंगठित क्षेत्र मूलतः ग्रामीण आबादी से बना है और इसमें अधिकांशतः वे लोग होते हैं जो गांव में परंपरागत कार्य करते हैं। गांवों में परंपरागत कार्य करने वालों के अलावा भूमिहीन किसान और छोटे किसान भी इसी श्रेणी में आते हैं। शहरों में ये लोग अधिकतर खुदरा कारोबार, थोक कारोबार, विनिर्माण उद्योग, परिवहन, भंडारण और निर्माण उद्योग में काम करते हैं। इनमें अधिकतर ऐसे लोग है जो फसल की बुआई और कटाई के समय गांवों में चले जाते हैं और बाकी समय शहरों-महानगरों में काम करने के लिये आजीविका तलाशते हैं। भारत में लगभग 50 करोड़ का कार्यबल है, जिसका 90 फीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र में काम करता है। इन उद्यमों में काम करने वाले श्रमिक 1948 के फैक्टरी एक्ट जैसे किसी कानून के अंतर्गत नहीं आते हैं।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने असंगठित मजदूरों, कामगारों को संगठित करने की शुरुआत की है। यह सकारात्मक और समावेशी प्रयास है। कोरोना वायरस के भयावह रूप के दौर में प्रवासी मजदूरों की जो बेचारगी, बेरोजगारी, बेचैनी, राजमार्गों पर असहाय जन-सैलाब की तस्वीरें देश ने देखीं, संभव है कि उसी के बाद सरकार ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार को लक्ष्य देश की 90 फीसदी से अधिक श्रम-शक्ति को संगठित करने का है। देश की अर्थव्यवस्था में 50 फीसदी से अधिक का योगदान करने वाले असंगठित क्षेत्र के लोगों का कुल कार्यबल में हिस्सा 80 प्रतिशत है।

असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों की आय संगठित क्षेत्र की तुलना में न केवल कम है, बल्कि कई बार तो यह जीवन स्तर के न्यूनतम निर्वाह के लायक भी नहीं होती। इसके अलावा, अक्सर कृषि और निर्माण क्षेत्रों में पूरे वर्ष काम न मिलने की वजह से वार्षिक आय और भी कम हो जाती है। इस क्षेत्र में न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता, जो कि कर्मचारियों को दिया जाना बाध्यकारी है। इसलिये न्यूनतम मजदूरी दरों से भी कम कीमतों पर ये कामगार अपना श्रम बेचने को विवश हो जाते हैं। वैसे भी हमारे देश में न्यूनतम मजदूरी की दरें वैश्विक मानकों की तुलना में बहुत कम हैं।

असंगठित क्षेत्र में रोजगार गारंटी न होने के कारण रोजगार का स्वरूप अस्थायी होता है, जो इस क्षेत्र में लगे कामगारों को हतोत्साहित करता है। रोजगार स्थिरता न होने के कारण इनमें मनोरोग का खतरा भी संगठित क्षेत्र के कामगारों से अधिक होता है। इनके पास विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं पहुंच पाता। बिचैलियों और अपने नियोक्ताओं द्वारा भी इनकी उपेक्षा की जाती है। अधिकांश असंगठित श्रमिक ऐसे उद्यमों में काम करते हैं जहां श्रमिक कानून लागू नहीं होते। इसलिये इनकी कार्य दशा भी सुरक्षित नहीं होती और इनके लिये स्वास्थ्य संबंधी खतरे बहुत अधिक होते हैं।

भारत में असंगठित श्रम-शक्ति काम करना छोड़ दे या कोई आंदोलन छेड़ दे, तो सरकारों और निजी उद्योगों के हाथ-पांव फूलने लगते हैं। काम कौन करेगा, उत्पादन और निर्माण

कोरोना काल में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारों के मुताबिक भारत में अधिकांश प्रतिष्ठान अनौपचारिक क्षेत्र से हैं। इसमें बहुत से रजिस्टर्ड ही नहीं हैं। इनमें कुछ दुकानों और संस्थानों के तहत रजिस्टर्ड हो सकते हैं लेकिन इनमें भी बहुत से रजिस्टर्ड नहीं हैं। तो समस्या ये है कि संकट के समा इनका पता कैसे लगाया जाए। वहां कितने कामगार थे और फिर उन्हें मदद कैसे मुहैया कराई जाए। प्रशासनिक क्षमता के बिना इन आदेश को पूरा करना थोड़ी चिंता की बात हो सकती है।' विशेषज्ञों के मुताबिक यहां तक कि निर्माण क्षेत्र में (जो प्रवासी श्रमिकों के सबसे बड़े हिस्से को रोजगार देता है) श्रमिक एक ठेकेदार से बंधे नहीं होंगे। ऐसे में सरकार के आदेशों को लागू करना खासा मुश्किल होता है।

को जारी कौन रखेगा या बोझ कौन उठाएगा, ये गंभीर सवाल और संकट खड़े हो जाते हैं। इसके बावजूद देश में असंगठित कार्यबल के लिए ढेरों अनिश्चितताएं हैं। अंततः भारत सरकार ने 'ई-श्रम पोर्टल' की शुरुआत की है, ताकि असंगठित कामगारों का एक संगठित डाटाबेस तैयार किया जा सके। श्रम-शक्ति को पहचान दी जा सके और उसे देश की व्यवस्था में अधिकृत तौर पर शामिल किया जा सके। कोरोना-काल में प्रवासी मजदूरों को कई तकलीफें झेलनी पड़ी थीं। यातायात के साधनों पर भी तालाबंदी थी। महानगरों में कार्यरत श्रमिकों और कामगारों के रोजगार एकदम ठप्प हो गए थे, क्योंकि देश में संपूर्ण लॉकडाउन घोषित कर, लागू कर दिया गया था। उस दौर में बिखरी हुई श्रम-शक्ति को कुछ 'देवदूतों' ने संभाला था।

मजदूरों को उनके ग्रामीण घरों तक पहुंचाया गया था। बीमारों का इलाज कराया गया था। भोजन और पानी की बुनियादी मदद तो सबसे पहले की गई थी। चूंकि तब तक कोई राष्ट्रीय डाटाबेस सरकारों के पास उपलब्ध नहीं था, जिसके आधार पर पर्याप्त मुआवजा या अन्य राहतें मुहैया कराई जा सकतीं। संभव है कि कई कामगार सहायता से वंचित रहे होंगे, लेकिन एक पोर्टल बनाकर भारत सरकार ने अपनी गलतियों और कमियों का प्रायश्चित करने की कोशिश की है। यह प्रयास भी श्रम की अंतिम इकाई और प्रत्येक चेहरे को पहचान देकर पोर्टल पर पंजीकृत करने में सफल होगा, इसकी समीक्षा अभी शेष है। फिलहाल सरकार का मानना है कि करीब 38 करोड़ असंगठित कामगारों का पंजीकरण हो चुका है। अभी तो मंजिल बहुत दूर है। जिन असंगठित मजदूरों और कर्मचारियों का पंजीकरण हो चुका है, उनमें करीब 87 फीसदी ओडिशा के हैं, जो सर्वाधिक आंकड़ा है।

उसके बाद पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के असंगठित श्रमिक हैं। अभी तक के डाटा से स्पष्ट है कि करीब 41 फीसदी असंगठित कामगार ओबीसी वर्ग के हैं। करीब 28 फीसदी सामान्य वर्ग, करीब 24 फीसदी अनुसूचित जाति और 8 फीसदी जनजाति के हैं। पोर्टल में कामगारों, मजदूरों और अन्य कर्मचारियों का पेशा, धंधा, हुनर आदि को भी शामिल किया गया है, ताकि पहचान हो सके कि कितने असंगठित चेहरों का कौशल कितना है और वे किस पेशे से जुड़े हैं। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों में से अधिकांश को न तो सरकारों की ओर से तय न्यूनतम वेतन मिलता है और न ही पेंशन या स्वास्थ्य बीमा जैसी कोई सामाजिक सुरक्षा इन्हें मिल पाती है। उन्हें चिकित्सा, देखभाल, दुर्घटना, मुआवजा, वेतन सहित अवकाश और पेंशन योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता। ऐसे में डाटाबेस तैयार होने से आने वाले दिनों में काफी सुधार देखने को मिलेंगे। सरकार को विशेष रूप से निर्माण क्षेत्र, घरेलू नौकरों, मंडियों में काम करने वाले श्रमिकों और रेहड़ी-पटरी वालों पर ध्यान देना चाहिये।

जलवायु संकट पर वैश्विक चर्चा की जरूरत

प्रेम शर्मा

आपदाएं न केवल लोगों के जीवन और परिवारों को नष्ट कर देती हैं, बल्कि कम संसाधन वाले समुदायों के विकास पर उनका अत्यधिक बुरा प्रभाव पड़ता है। हमें यह भी समझना चाहिए कि आपदा केवल एक बार की कहानी नहीं है। आपदाएं विकास को बाधित करती हैं और ये व्यवधान आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक गतिशीलता और अन्य क्षेत्रों पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। मानवता के लिए जिस प्रलय को लेकर वैज्ञानिक बातचीत कर रहे हैं उसे जलवायु परिवर्तन शब्द ठीक से समझाता या परिभाषित नहीं करता है।

पारिस्थितिक वास्तविकताओं और जलवायु परिवर्तन के कठोर प्रभावों की अनदेखी करने वाले विकास मॉडल का चुनाव उन आपदाओं के केंद्र में है, जो अधिक आवृत्ति और तीव्रता के साथ आ रही हैं। गाडगिल और कई अन्य पर्यावरणविद लंबे समय से हमें पश्चिमी घाट और संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण के खिलाफ आगाह कर रहे हैं।एक साल की देरी के बाद ग्लासगो में 26वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप-26) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए है। इस सम्मेलन में भारत की तरफसे जो तर्क रखे गए है उसकी सराहना भी की जा रही है। भारत ग्लासगो में कॉप-26 में '' जलवायु न्याय '' के लिए जोर दे रहा है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती दो मोर्चों पर है- पहली बाहरी, भू-राजनीतिक क्षेत्र और दूसरी, देश के भीतर। जलवायु परिवर्तन अब दूर नहीं है, उसका असर हो रहा है। यदि जलवायु परिवर्तन के सबसे महत्वपूर्ण संकेतक-तेजी से अनिश्चित एवं चरम मौसम की रोकथाम के लिए हम विकास मॉडल में बदलाव नहीं लाते हैं, तो हम हार जाएंगे और इससे सबसे ज्यादा गरीब लोग प्रभावित होंगे। भले ही हम सैकड़ों मील दूर हैं, फिर भी हम सबने उत्तराखंड में आई विनाशकारी बाढ़ और उससे हुई तबाही के भयावह दृश्य देखे हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन का नया नाम जलवायु आपातकाल, जलवायु संकट या किसी दुर्घटना और बाधा के कारण होने वाली रुकावट यानी ब्रेकडाउन हो सकता है। यह नया नाम वैश्विक तापमान में वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) के बजाए ग्लोबल हीटिंग यानी (वैश्विक स्तर पर तप रही धरती) के एकदम अनुरूप होगा। यानि ऐसी स्थिति में यह कहना समसामायिक होगा कि जलवायु परिवर्तन पर चर्चा ग्लासगों तक सीमित न होकर इसे जल्द से जल्द वैश्विक स्तर पर ले जाना होगा।

जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक क्षति के लिए नही वरन मानवीय क्षति का प्रतीक है। दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके, कई पुल बह गए, काठगोदाम के पास रेल पटरी मुड़

गई, उफनती नदियों ने घरों को लील लिया और भूस्खलन के चलते सड़कें बाधित हो गईं। ऐसी भयावह तस्वीरें देश के सिर्फ एक राज्य से नहीं आईं। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, सिक्किम के कुछ हिस्सों और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में हाल के दिनों में भारी वर्षा हुई, जिससे बाढ़ और भूस्खलन के कारण लोगों की जान चली गई। भले ही हमारी सहज प्रतिक्रिया शोकपूर्ण और भयावह है, लेकिन ये सब अप्रत्याशित नहीं हैं। उदाहरण के लिए, पश्चिमी घाट में पिछले कुछ वर्षों में ऐसी आपदाएं बार-बार आती रही हैं।पारिस्थितिक वास्तविकताओं और जलवायु परिवर्तन के कठोर प्रभावों की अनदेखी करने वाले विकास मॉडल का चुनाव उन आपदाओं के केंद्र में है, जो अधिक आवृत्ति और तीव्रता के साथ आ रही हैं। गाडगिल और कई अन्य पर्यावरणविद लंबे समय से हमें पश्चिमी घाट और संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण के खिलाफ आगाह कर रहे हैं।सालों पहले पहले, गाडगिल की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा स्थापित पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल ने सिफारिश की थी कि गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा और केरल तक फैले पश्चिमी घाट के 1,29,037 वर्ग किमी में से 75 फीसदी हिस्से को घने, समृद्ध जंगलों और बड़ी संख्या में स्थानीय वनस्पतियों और जीवों के कारण श्पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रश् घोषित किया जाए। लेकिन पैनल की सिफारिशों को अमल में नहीं लाया गया। पश्चिमी घाटों के संरक्षण पर माधव गाडगिल की रिपोर्ट वर्ष 2011 में केंद्र सरकार को सौंपी गई थी, जिसका केरल में बारिश से संबंधित आपदाओं के संबंध में हर साल जिक्र किया जाता है। गाडगिल रिपोर्ट में पूरे घाटों को सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी विकास गतिविधि को प्रतिबंधित करने वाली संवेदनशीलता की त्रि-स्तरीय रैंकिंग के साथ पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र के रूप में नामित करने के लिए कहा गया था। सभी संबंधित छह राज्यों द्वारा गाडगिल समिति की सिफारिशों को खारिज करने के बाद केंद्र सरकार द्वारा गाडगिल के उत्तराधिकारी के रूप में एक अन्य समिति की स्थापना की गई, जिसने ज्यादा उदार सिफारिशें कीं। आखिरकार 9,993 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र (राज्य के कुल क्षेत्रफल के एक चैथाई से अधिक) को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील घोषित किया गया। उत्तराखंड और कई अन्य पहाड़ी राज्यों में, हम देखते हैं कि पारिस्थितिकी और स्थलाकृति पर विचार किए बिना विकास और आर्थिक गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दो साल हो गया

दो साल हो गया वक्त है कि मुट्ठी का रेत खैर ना जाने कितनी बार छुआ है, अपने सिर के उस हिस्से को, जो मेरे जिस्म के सभी हिस्सों से कहीं पवित्र है जब जब छूती हूँ अपनी ललाट यूँ लगता है कि अंगुलियां आयतें सहला रही हैं। कुछ अमृत के ओस की बूँदें सिक्त कर गई हैं बंजर विरह के भावों को।बार बार चूमती हूँ अपनी ललाट,जिसमे जड़ा है,नम आंखों के मोती भारी मन से तुम्हारा दिया हुआ वो आखिरी चुंबन!

– कुमुद रंजन झा

तुम्हारी अनुपस्थिति

तुम्हारी अनुपस्थिति में तुमसे किये हुए मौन संवाद को मैंने भर कर रख दिया हैं रसोईघर के चीनी के डिब्बें में एक दिन तुम आना खोल देना उस डिब्बें को और डुबो देना उन संवादों को शब्दों के मीठी चाशनी में।

– सरिता सैल

खास पाती

कहीं से इक बात चली

कहीं से इक बात चली है,, कहीं पर जा पहुंची है, फिर ज़िंदा हुआ है इक शहर फिर उसकी मिट्टी महक उठी है खिडकियां पूर्वाग्रहों की खुल रही, आहिस्ता आहिस्ता, झडने लगी आँखों से वक़्त की धूल भुरभुरी, धुंधली ऐनक साफ़ हुई है अब साफ़ नज़र आया इंसा अब इसकी नीयत साफ़ हुई है, मिट्टी में मिलकर मिट्टी से निकलाफिर मिट्टी हो जाना है पर जो अब ज़िंदा है तो इसका फ़र्ज़ चुकाना है बंजर से इस टीले पर पहुंची सूर्य रश्मियां नदियों ने दिया स्पर्श वीराने का चीर के सीना, दस्तक दे रही ज़िन्दगी हाँ, ये सच है खबर फिर कोई शहर ज़िंदा हुआ है. उस शहर का हर शख्स ज़िंदा हुआ है।

– नम्रता सरन सोना

आधुनिकता की ओट में बेटे

आधुनिकता की ओट में बेटे पिता के साथ सिगरेट दारू पी रहे हैं माताओं ने अपने बच्चे को दूध पिलाना छोड़ दिया है और लड़कियाँ कुँआरी माँ बन रही हैं। आधुनिकता की ओट में गुरू-शिष्य के रिश्ते तार तार हो रहे हैं लिव-इन-रिलेशनशिप फलफूल रहे हैं और दोस्ती के नाम पर ठगी हो रही हैं । आधुनिकता की ओट में संयुक्त परिवार टूट रहे हैं व्यस्तता के कारण बच्चे हॉस्टलों में पढ़ रहे हैं और बूढ़े माँ-बाप एफ़डी के मैच्यूरिटी अमाउंट की तरह भूनाए जा रहे हैं। **– आरती कुमारी**

तुमसे मिलकर तुम्हें देखते हुए

तुमसे मिलकर तुम्हें देखते हुए चाय ठंढा हो गई हम गरमाइश लेकर आ गए आँखों में भी रहते हैं समंदर देखा हैं हम ने अठखेलियाँ आँखों में भरकर आ गए ज़िंदगी किसी कविता से कम नहीं न तुमने कहा न हमने सुना कुछ बस अनकहा सा गुनगुनाकर आ गए।

-केदार नाथ शब्द मसीहा

एक दिन आप पीछे मुड़कर देखेंगे

एक दिन आप पीछे मुड़कर देखेंगे और महसूस करेंगे कि आप उन चीजों के बारे में चिंतित थे, जो आपके बारे में मायने रखती ही नहीं थी। नीचे गिरे सूखे पत्तों पर धीरे से चलना जा अदब से कड़ी धूप में आपने इसी से ही पनाह मांगी थी। खूबसूरत चेहरा भी बूढ़ा हो जाता है, ताकतवर जिस्म भी एक दिन ढल जाता है। ओदा व पद भी एक दिन खत्म हो जाता है। लेकिन एक इमानदार इंसान हमेशा ही अच्छा इंसान रहता है। **-गौरी पटले**

घिर गई हैं बदलियाँ बस तीरगी

घिर गई हैं बदलियाँ बस, तीरगी थोड़ी हुई ज़िंदा है उम्मीद अब भी आख़िरी थोड़ी हुई सोच कर ये मामला ही ख़त्म कर डाला प्रखर , बात बिगड़ी है ज़रा सी दुश्मनी थोड़ी हुई। **-राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

तुझे छूकर हवा जब भी सनम



तुझे छूकर हवा जब भी सनम ये पास आती है मिलन होने का अपने ये सुखद अहसास लाती है किरण बनकर तुझे छू लूँ यही है आरजू दिल की वो बातें प्रेम की अक्सर मुझे तब ख़ास भांती है। **– मनीषा सक्सेना**

एक बात याद रखना मोदीजी

एक बात याद रखना मोदीजी अपने बनाये नियम नही तोड़ेंगे। 75की उम्र के बाद उन्हे कुर्सी पर कोई रोक नही पाएगा। 2022 मे उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री नहीं अगला प्रधानमंत्री चुनने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो अपना युवराज घोषित कर दिया। ताजपोशी से पहले युवराज को एक कठिन परीक्षा करनी है।

– ओम प्रकाश जायसवाल

QUIZ TIME

1) मरूस्थलीय प्रदेश का कौन-सा जीव, जो ठोस मूत्र उत्सर्जित कर जल को संरक्षित करता है तथा जन्म से मृत्यु तक बिना पानी पिये भी जीवित रह सकता है?
2) कर्नाटक के शिमोगा जिले में भारत का कौन-सा सबसे ऊँचा जल प्रपात वाराही नदी पर स्थित है?
3) भारत में डॉलर-रूपया विनिमय दर किस पर निर्भर करता है?
4) 2020 टोक्यो ओलम्पिक में कौन-सी नए खेलों को शामिल किया गया है?
5) ऐसे पौधे, जो शुष्क स्थिति को टालते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कंगारू चूहा (2) कुंचीकुल (3) मांग-आपूर्ति संतुलन पर (4) कराटे, स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग (5) इफिमीरल

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1538 : तुर्की का नौसैन्य अभियान जो भारत पहुंचा था, पुर्तगाल का बेड़ा पहुंचने के बाद वापस लौट गया। 1741 : रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस की मदद से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया। 1866 : इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन।1867 : अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया। 1948 : भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना। 1890: प्रसिद्ध भाषाविद, साहित्यकार एवं विद्याशास्त्री सुनीति कुमार चटर्जी का जन्म। 1941: लेबनान को फ्रांस से आजादी मिली। 1848: भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना हुई। 1949 : संविधान के निर्माता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने संविधान सभा में ऐतिहासिक भाषण दिया। 1960 : टेलीफ़ोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया। 1974: नेपाल में एक पुल के ढहने से लगभग 140 लोग मरे। 1974: संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव ऊ थांट का निधन। 1975 : सूरीनाम को हालैंड से आजादी मिली। 1982 प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का जन्म। 1998 : पाकिस्तान ने अंधेरे में मार करने में सक्षम टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया। 2001 : पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पांच दिन की यात्रा पर भारत पहुंचीं। 2002: लुसियो गुटेरेज इक्वाडोर के राष्ट्रपति निर्वाचित। 2016 : क्यूबा के राजनेता फिदेल कास्त्रो का 90 वर्ष की आयु में निधन। कास्त्रो को लातिन अमेरिका में कम्युनिस्ट क्रांति के प्रतीक के रूप में जाना जाता है।

करियर की बेहद महत्वपूर्ण फिल्म है शहजादा: कार्तिक आर्यन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म करियर की बेहद महत्वपूर्ण फिल्म है।

रोहित धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'शहजादा' में कार्तिक आर्यन और कृति सैनन की मुख्य भूमिकाये है। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि 'शहजादा' उनके करियार की बेहद महत्वपूर्ण और बड़ी है।फिल्म शहजादा की शूटिंग काफी बड़े पैमाने पर की जा रही हैं। गौरतलब है कि भूषण कुमार, अल्लू अरविंद, अमन गिल द्वारा निर्मित फिल्म 'शहजादा' में कार्तिक आर्यन और कृति सैनन के अलावा मनीषा कोईराला, परेश रावल, रोनित रॉय और सचिन खेड़कर की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 04 नवंबर 2022 को रिलीज होगी।

अक्षय की ईमानदारी ने दुबारा काम करने के लिए इंस्पायर किया: राय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड निर्देशक आनंद एल राय का कहना है कि अक्षय कुमार की ईमानदारी ने उन्हें दुबारा उनके साथ काम करने के लिए इंस्पायर किया है।

आनंद एल राय और अक्षय कुमार पहली बार 'अतरंगी रे' में साथ काम कर रहे हैं। अब आनंद ,अक्षय कुमार के साथ अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट फिल्म 'रक्षा बंधन' में भी साथ काम करेंगे। अक्षय के बारे में बात करते हुए, आनंद एल राय ने कहा कि उनकी ईमानदारी ने मुझे इस फिल्म के बाद फिर से उनके साथ काम करने के लिए इंस्पायर किया।

आनंद एल राय ने कहा, ÷अक्षय की ईमानदारी ने मुझे इस फिल्म के बाद फिर से उनके साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। वो सबसे सिंपल एक्टर हैं जिनसे मैं आज तक मिला हूं। वो कभी खुद को छिपाने की कोशिश नहीं करते। इसलिए, उन्हें समझना और पढ़ना आसान है। मेरे जैसे डायरेक्टर के लिए वो सिंपलिसिटी बहुत चार्मिंग है।



शाहिद कपूर की जर्सी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर की स्टोट्र्स ड्रामा फिल्म जर्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर की मोस्टअवेटेड स्टोट्र्स ड्रामा फिल्म जर्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है।

गौतम तिन्नुरी के निर्देशन में बनी फिल्म जर्सी में मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में शाहिद क्रिकेटर बने हैं। वहीं मृणाल उनकी पत्नी की भूमिका में हैं। शाहिद के पिता पंकज कपूर फिल्म में कोच की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म जर्सी 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पवन सिंह का नया गाना धन धुआँ हो जाई रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का नया गाना धन धुआँ हो जाई रिलीज हो गया है। पवन सिंह का नया गाना धन धुआँ हो जाई रिलीज होते ही धमाल मचा रहा है। यह गाना शुभ लाभ फिल्म्स के ऑफिसियल यूटयूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने को पवन सिंह के साथ अंजली राज ने गाया है। पवन सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपने ऑफिसियल अकाउंट से इसका लिंक शेयर करते हुए लिखा है कि जय माता दी, धन धुआं हो जाई का फूल वीडियो सांग शुभ लाभ फिल्म्स के ऑफिसियल यूटयूब चैनल से आउट हो गया है। अरुण बिहारी गाना लिखा है और म्यूज़िक प्रियांशू सिंह ने दिया है। गाने को रवि पंडित ने निर्देशित किया है।

सारा अली खान हैं अक्षय कुमार और धनुष की इस फिल्म का असली 'हीरो'

नई दिल्ली। डायरेक्टर आनंद एल राय जब भी कोई कहानी पर्दे पर लेकर आते हैं, तो लोगों को लगता है ये उनके आसपास का ही किस्सा है। 'राझंणा' और 'तनु वेड्स मनु' जैसी खूबसूरत फिल्म बनाने वाले आनंद एल राय अपनी नई फिल्म 'अतरंगी रे' को लेकर तैयार हैं। इस फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर को देखने के बाद आप यकीनन 'अतरंगी रे' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करने लगेंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष ने मुख्य भूमिका अदा की है। 'अतरंगी रे' की कहानी रिंकू नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जोकि दो लोगों के बीच उलझी हुई है। विशू नाम के लड़के से उसके घरवाले उसकी जबरदस्ती शादी करवा देते हैं। दोनों फैसला लेते हैं कि नए शहर में जाकर वो अलग हो जाएंगे और किसी को कुछ पता भी नहीं चलेगा। तभी फिल्म में अक्षय कुमार के किरदार की एंट्री होती है और मामला और भी उलझ जाता है।

न्यूज गैलरी

रुपया दो पैसे चढ़ा

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर पर बने दबाव के साथ ही घरेलू स्तर पर अमेरिकी मुद्रा की कमजोर मांग से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे चढ़कर 74.40 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

पिछले सत्र में रुपया 74.42 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 11 पैसे की गिरावट लेकर 74.53रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 74.54 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतरा। इस दौरान यह 74.31 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा। अंत में यह पिछले दिवस के 74.42 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में दो पैसे चढ़कर74.40 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

भारतीय टीम आठ दिसंबर को होगी दक्षिण अफ्रीका रवाना

नई दिल्ली (वार्ता)। क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे, टी-20) के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के आठ दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका रवाना होने की जानकारी सामने आई है।

समझा जाता है कि टीम मुंबई से उड़ान भरेगी, जहां वह तीन से सात दिसंबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेलेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीकाई दौरे पर तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यह एक पूर्ण दौरा है।

जोहान्सबर्ग में 17 दिसंबर को पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। इसके बाद सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक दूसरा और केप टाउन में तीन से सात जनवरी तक तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा।

टेस्ट मैच में ग्रीनपार्क की पिच की भी होगी परीक्षा

कानपुर (वार्ता)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच गुरूवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में दोनो टीमों के साथ साथ ग्रीनपार्क की पिच और उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के पदाधिकारियों की भी परीक्षा होगी।

दो मैचों की श्रृखंला का पहला मुकाबला खेलने के लिये दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों ने यहां पिछले दो दिन चले अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया है। सोमवार को यहां पहुंचे भारतीय कोच राहुल द्रविड़ कप्तान अजिंक्या रहाणे को लेकर उसी शाम ग्रीनपार्क पहुंच गये थे। दोनों ने पिच और आउटफील्ड का

सेबी के विरोध में सहारा कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित निवेशकों का धरना

रायपुर (नव प्रदेश)। आज सहारा कार्यकर्ता एवं हमारे सम्मानित निवेशकर्ता बुद्धा तालाब में एकत्रित होकर सेबी के विरोध में धरने पर बैठे। हम सभी कार्यकर्ता एवं सम्मानित जमाकर्ता सहारा से किसी न किसी योजनाओं के माध्यम से जुड़े हुए हैं और विगत 25-30 वर्षों से सहारा इण्डिया से आय प्राप्त करते रहे हैं, परन्तु विगत 08 वर्ष पूर्व में हुए सहारा-सेबी विवाद के कारण माननीय उच्चतम् न्यायालय द्वारा पूरे सहारा समूह पर लगाये गये एम्बार्गो की वजह से सहारा में भुगतान की विलम्ब की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जिसकी वजह से हम लोगों की आय पर काफी असर पड़ा है, यहां तक की हमारे निवेशक चूंकि उनका भुगतान विलम्बित है अतएव वे नया व्यवसाय नहीं देते हैं, जिससे हमारी आय लगभग नगण्य हो चली है, जिसके कारण हम लाखों कार्यकर्ता बेरोज़गारी एवं भूखमरी की कगार पर खड़े हुए हैं।

सेबी के द्वारा विगत 08 वर्षों में लगभग 150 अख़बारों स्थानीय एवं राष्ट्रीय अख़बारों में 04 बार विज्ञापन देकर भी मात्र ब्याज सहित कुल रळ. 125 करोड़ का ही भुगतान कराया गया। यह तथ्य सेबी के द्वारा इस वर्ष के शुरळआत में माननीय उच्चतम् न्यायालय में दाखिल अपने स्टेटस रिपोर्ट में यह जिक्र किया गया है। सेबी के विज्ञापन जो कि दिनांक 26.03.2018 को प्रकाशित की गयी थी के प्रतिक्रिया में सेबी को 19,598 निवेशकों के भुगतान कराने हेतु आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके साथ वास्तविक प्रपत्र भी लगे हुए थे। सेबी द्वारा प्राप्त आवेदन के सापेक्ष 16,633 आवेदनों का भुगतान किया गया था, जिसके माध्यम से ब्याज सहित धनराशि रळ. 125 करोड का भुगतान किया गया। यह अपने आप में ही दर्शाता है कि सेबी के पास अपने जमाधन की मांग करने वाले सारे निवेशक नहीं गये और जाते भी कैसे जबकि निवेशकों के द्वारा अपना पूर्ण भुगतान पहले ही प्राप्त कर लिया गया है।

लेकिन सेबी की हठधर्मिता के कारण हम लाखों कार्यकर्ताओं का जीवन अंधकार की ओर जा रहा है। अब जब सेबी के पास वर्तमान में किसी निवेशक का भुगतान लम्बित नहीं है तो सेबी माननीय उच्चतम् न्यायालय में यह हलफ़नामा दे दे कि अब उनसे भुगतान प्राप्त करने वाले जमाकर्ता/निवेशक नहीं हैं, तो सम्भवतः माननीय उच्चतम् न्यायालय सहारा समूह की कम्पनियों से एम्बार्गो हटा ले और सहारा-सेबी एकाउण्ट में ब्याज सहित जमा लगभग रळ. 24000 करोड़ की धनराशि सहारा को वापस मिल जाए तो हम सभी पूर्व की भांति अपने सम्मानित निवेशक एवं जमाकर्ताओं का भुगतान नियमित कर लें।

टेस्ट सीरीज में हमारे लिए स्पिन गेंदबाजी कड़ी चुनौती होगी: विलियम्सन

कानपुर (वार्ता)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन का मानना है कि भारत के खिलाफ 25 नवंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज में उनकी टीम के सामने स्पिन गेंदबाजी कड़ी चुनौती होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके खिलाड़ी इसके लिए जितनी अच्छी तैयारी कर सकते हैं, कर रहे हैं।

विलियम्सन ने मैच की पूर्वसंध्या पर बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷ कैंप में पहले टेस्ट मैच को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। हमारी टीम को भारतीय स्पिनर्स को खेलने के लिए एक अलग तरीका अपनाने की जरूरत है। हम भारतीय स्पिन गेंदबाजों की ताकत को जानते हैं। उन्होंने यहां लंबे समय से शानदार गेंदबाजी की है। हमारे लिए एक अलग तरीके से खेलना सही होगा। साथ ही स्कोर करना और साझेदारी का निर्माण करना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा, सभी खिलाड़ी अलग हैं, इसलिए उनके तरीके एक-दूसरे से थोड़े अलग होंगे, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि कुछ चुनौतियों के लिए जितना संभव हो सके कोशिश करने और तैयारी करने की जरूरत है। हम जानते हैं कि हम उन्हें खेलने जा रहे हैं। अश्विन और जडेजा को घरेलू परिस्थितियों में मिली सफलता को देखते हुए मुझे लगता है कि ये दोनों खिलाड़ी सीरीज के नतीजे में निर्णायक भूमिका निभाएंगे, क्योंकि उन्होंने घरेलू परिस्थितियों में बेहतरीन गेंदबाजी की है। मुझे यकीन है कि पूरी सीरीज में स्पिनर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बीबीएल में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनीं गईं हरमनप्रीत

मेलबोर्न (वार्ता)। भारत की महिला टी 20 टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को इस वर्ष महिला बिग बैश लीग में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट चुना गया है और वह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए एक धमाकेदार सीज़न के बाद हरमनप्रीत कौर ने भरोसा जताया है कि महिला आईपीएल होने में अब ज़्यादा देर नहीं लगेगी। भारतीय टी20 कप्तान ने इस सीज़न 66.50 के औसत और 135.25 के स्ट्राइक रेट से तीन मैच-जिताऊ अर्धशतकों के साथ 399 रन बनाए। अपनी टीम के सर्वाधिक रन बनाने के साथ-साथ उन्होंने अपने टीम के लिए सर्वाधिक 15 विकेट भी लिए हैं। उनकी इकॉनमी 7.46 की रही है और उन्होंने पावरप्ले और डेथ ओवर्स दोनों में

महत्वपूर्ण ओवर डालें हैं। उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच तीन बार घोषित किया गया और हर मैच में अंपायरों के 3-2-1 वोटिंग के आधार पर प्लेयर ऑफ़द टूर्नामेंट भी चुना गया। उनसे तीन-तीन वोट पीछे रहीं पर्थ स्कॉर्चर्स की बेथ मूनी और सोफ़ी डिवाइन। इससे पहले महिला बीबीएल में डिवाइन ने दो बार और उनकी न्यूज़ीलैंड की साथी एमी सैटरथ्वेट ने एक बार यह ख़िताब जीता हैं।

1.5 लाख से अधिक लोगों को किया सड़क सुरक्षा के प्रति शिक्षित

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाने एवं ड्राइविंग की सुरक्षित आदतों को बढ़ावा देने के प्रयास में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पिछले सात वर्षों में 1.5 लाख से अधिक लोगों को इसके प्रति शिक्षित किया है। कंपनी ने सात वर्ष पहले दिल्ली यातायात पुलिस के साथ मिलकर बाबा खड़क सिंह मार्ग पर स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में यह अभियान शुरू किया था। मिनी-सिटी अवधारणा पर आधारित यह ट्रैफिक पार्क सड़क की वास्तविक परिस्थितियां जैसे ट्रैफिक सिगनल, ज़ेबरा क्रॉसिंग और स्पीड ब्रेकर आदि के बारे में जानकारी देता है। शहर में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाते हुए कंपनी ने घोषणा की है कि सभी आयु वर्गों को रोज़ाना प्रशिक्षण देते हुए यह अपनी शुरूआत से लेकर अब तक नई दिल्ली में 1.5 लाख से अधिक लोगों को शिक्षित कर चुकी है।

एचडीएफसी ने पेश किया लाइफ का संचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान

रायपुर। भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफने प्रोडक्ट्स के मामले में इनोवेटर की भूमिका निभाई है, और इस दिवाली के शुभ अवसर पर, एचडीएफसी लाइफ ने नए दौर का फीचर-पैक प्रोडक्ट, एचडीएफसी लाइफसंचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान प्रस्तुत किया है जो फिक्स्ड वित्तीय लक्ष्य-प्राप्ति की गारंटी देता है। एचडीएफसी लाइफ संचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत बचत योजना है, जो एकमुश्त लाभ के रूप में गारंटीड रिटर्न प्रदान करती है। यह योजना व्यक्तियों को एकल प्रीमियम, सीमित प्रीमियम या नियमित प्रीमियम विकल्पों के बीच चयन करने की सुविधा प्रदान करती है। इस योजना में प्रीमियम भुगतान अवधि और पॉलिसी अवधि से सम्बंधित 500 से अधिक संयोजन उपलब्ध हैं जो ग्राहकों को अपने लक्ष्यों के साथ पॉलिसी अवधि का तालमेल बनाने की सुविधा प्रदान करते हैं। भारत में विभिन्न आयु समूहों में व्यक्तियों की एक बड़ी आबादी है जो ऐसे फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स की तलाश में रहती है जो एकमुश्त निवेश वाले हों, और नकदी के साथ गारंटीशुदा रिटर्न की पेशकश करते हों। एचडीएफसी लाइफ संचय फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान का सिंगल पे वेरिएंट ऐसे ही ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

मिरवाइज अशरफ बने एसीबी के कार्यकारी अध्यक्ष

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मिरवाइज अशरफ को अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। अफगानिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर ने बोर्ड में मची उथल-पुथल के बीच मंगलवार को कार्यभार संभाला।

एसीबी के एक प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह नियुक्ति उसके संविधान के तहत की गई है। बोर्ड चुनाव प्रक्रिया को जल्द पूरा करेगा। अशरफने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद जोर देते हुए कहा कि बोर्ड की प्राथमिकता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अन्य राष्ट्रीय बोर्डों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने की होगी। इसके अलावा उन्होंने घोषणा की कि एसीबी यह सुनिश्चित करेगा कि अफगानिस्तान में महिलाओं को सामान्य रूप से क्रिकेट खेलने को मिले। अशरफने बुधवार को बोर्ड के विभिन्न विभागों के प्रबंधकों के साथ बैठक करते हुए कहा, हमारी लड़कियां सामान्य तौर पर क्रिकेट खेलेंगी।

शेयर बाजार

बीएसई का सेंसेक्स 175 अंकों की बढ़त के साथ 58839.32 अंक पर खुला

शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स 323 अंक और निफ्टी 88 अंक टूटी

मुंबई (वार्ता)। पूरे सत्र हरे निशान में रहे शेयर बाजार में कारोबार के अंतिम सत्र में हुयी भारी बिकवाली से भूचाल आ गया और यह गिरकर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 323 अंक उतरकर 58340.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88 अंक टूटकर 17503.35 अंक पर रहा।

बीएसई में जहां दिग्गज कंपनियों में बिकवाली का दबाव दिखा वहीं छोटी कंपनियों में लिवाली हुयी जबकि मझौली कंपनियों में मुनाफावसूली रही। बीएसई का मिडकैप 0.57 प्रतिशत टूटकर 25500.62 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत बढ़कर 28575.06 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3430 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1955 बढ़त में और 1334 गिरावट में रहे जबकि 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में शामिल समूहों में से अधिकांश गिरावट में रहे जिसमें आईटी 1.24 प्रतिशत, ऑटो 1.18 प्रतिशत और टेक 1.02 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में टेलीकॉम 0.10प्रतिशत, वित्त 0.14 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.78प्रतिशत, बैंकिंग 0.53 प्रतिशत और वित्त 0.52 प्रतिशत शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मिलाजुला रूख रहा। जापान का निक्केई 1.58 प्रतिशत और जमर्नी का डैक्स 0.35 प्रतिशत उतर गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.14 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10प्रतिशत और ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 175 अंकों की बढ़त के साथ 58839.32 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह लिवाली के बल पर 58968.12 अंक तक उच्चतम स्तर तक चढ़ा। दोपहर के बाद तक शेयर बाजार हरे निशान में था लेकिन अचानक अंतिम चरण में बिकवाली शुरू हो गयी जिससे यह 58143.44 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में यह पिछले के 58664.33 अंक की तुलना में 0.55 प्रतिशत अर्थात 323.34 अंक की गिरावट लेकर 58340.99 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी 47 अंकों की बढ़त के साथ 17550.05 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 17600.60 अंक पर चढ़ा लेकिन बिकवाली होने से यह 17354 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 17503.35 अंक की तुलना में 0.50 प्रतिशत अर्थात 88.30 अंक गिरकर 17415.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 13 हरे निशान में और 36 लाल निशान में रही।

सेंटर फॉर साइट 2027 तक खोलेगा 500 केंद्र

नई दिल्ली (वार्ता)। आंखों की देखभाल करने वाली निजी कंपनी सेंटर फॉर साइट ने महिंद्रा ग्रुप के सहयोग से अगले पांच साल के दौरान समस्त देश में 500 केंद्र खोलने की योजना बनायी है।

सेंटर फॉर साइट के अध्यक्ष एवं चिकित्सा निदेशक डॉ. महिपाल सिंह सचदेव ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशभर में आंखों की समस्याओं के समाधान के लिए कंपनी के फिलहाल 47 केंद्र है। वर्ष 2027 तक इनकी संख्या 500 तक पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने आने वाले पांच वर्षों में चश्मा बाजार में भी उतरने की योजना बनायी है। इस योजना महत्वकांक्षी योजना को लागू करने के लिए 250 करोड़ रुपए का निवेश करेगी जिससे कुल कारोबार 350 करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में खासकर, कोविड 19 दौर के बाद स्कूल जाने वाले तकरीबन 25 फीसदी बच्चों की नजर प्रभावित हुई है। इसकी वजह है कि वे ऑनलाइन कक्षाएं करने लगे हैं और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गलत चश्मा लगाने लगा रहे हैं।

सफाई के नाम पर सरपंच ने की गड़बड़ी

देवभोग। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदोभाटा में इन दिनों साफ सफाई का बुरा हाल है। जबकि साफ सफाई के नाम पर कई दफा हजारों रुपए निकाल लिया है। आलम यह है की सफाई के आभाव में सरपंच घर के सामने का नाली मिट्टी से पट गया है। जहा गंदगी का अंबार लगा होता है। जिसके खिलाफ कई बार सफाई करने के लिए सरपंच सचिव को कहा गया लेकिन फंड का टोटा बताकर महीनों से घूमा रहे जिससे नाराज ग्रामीण शासन से आबंटित राशि और निकले राशि जांच की मांग कर रहे हैं। जिम्मेदारों ने 14वें और 15वें वित्त मद को राशि को गाइड लाइन के विरुद्ध निकल कर बंदरबांट कर लिया है। यही वजह है कि इस पंचायत पर 15 वें वित्त मद के तहत किए कार्यों की जांच के लिए मांग की जा रही है। बकायदा इसके लिए जल्द जिला पंचायत सीईओ से मुलाकात कर शिकायत पत्र देने की बात कही जा रही है। क्योंकि ग्रामीणों के मनसा अनुरूप साफ सफाई नाली सड़क मरम्मत चांदनी निर्माण जैसे अन्य कार्य भी नही हो रहा है। सिर्फ मुनाफा कमाने के लिए निमार्ण कार्य को प्राथमिकता दिया है। इसके अलावा निकाली गई राशि का शत प्रतिशत उपयोग जमीनी स्तर पर नहीं होना बताया जाता है। सरपंच सचिव तरह तरह के बिल का इस्तेमाल कर 15वें वित्त मद की राशि में जमकर गड़बड़ी कर रहे। 15 वें वित्त की राशि को अपने मनमर्जी अनुसार एस्टीमेट बनाकर निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार साफ सफाई, सोख्ता गड्ढा, चांदनी निर्माण, स्वच्छता पेयजल जैसे अन्य कार्य को अनदेखा कर मलाईदार निर्माण कार्य को प्राथमिकता दे रहे। ग्रामीणों द्वारा 15वें वित्त मद की राशि आहरण पर रोक लगाने की मांग किया जा रहा है क्योंकि ग्रामवासी अव्यवस्थाओं के बीच गुजर बसर करने को मजबूर हैं।

शिक्षित युवकों के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यार्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 29 नवंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मे. अर्ल्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड, फल मार्केट के पास, लालपुर, रायपुर द्वारा मार्केटिंग के 8 पद (न्यून.शैक्ष.यो. स्नातक/स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन 8-12 हजार रूपए प्र.मा., आयुसीमा 25 से 45 वर्ष)। असिस्टेंट सुपरवाईजर के 5 पद (न्यून.शैक्ष.यो. स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन 7,000-10,000 रूपए प्र.मा., आयुसीमा 20 से 45 वर्ष), सिक्यूरिटी गार्ड के 56 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 8वीं उत्तीर्ण, वेतन रू. 6,500-12,000 प्र.मा. (प्रशिक्षण अवधि), आयुसीमा 18 से 60 वर्ष)। एजेन्ट के 30 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 8वीं उत्तीर्ण, वेतन कमीशन आधार पर, आयुसीमा 18 से 60 वर्ष) पर भर्ती किया जाना है। उक्त समस्त पदों के लिए कार्यक्षेत्र दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य व अन्य जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक के प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यार्थी को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है।

ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। नेहरू युवा केन्द्र, छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में चारो ब्लॉक में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें बोड़ला ब्लॉक के ग्राम डगनिया में ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया। जिसका विषय सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास, देशभक्ति एवं राष्ट्रनिर्माण के विषय में रखा गया। ब्लॉक के प्रतिभागी युवा एवं युवतियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया और आत्मविश्वास के साथ भाषण दिया। जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण के प्रति संदेश दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान पाल सिंह धुर्वे ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक मोहन साहू एवं भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय माध्यमिक स्कुल महाराजपुर की शिक्षिका नम्रता श्रीवास्तव, नीलिमा ठाकुर, रमा साहू और शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रशांत विश्वकर्मा, शिक्षक भावेश कोटे एवं शाला समिति के अध्यक्ष नरसिंह साहू एवं संकल्प एकता युवा मंडल के सदस्य दुर्गेश साहू, कैलाश मेरावी, ईश्वर साहू, वीरेन्द्र यादव, मुखीराम साहू, उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पंचम विधानसभा का बारहवां सत्र 13 दिसंबर से प्रारंभ होकर 17 दिसंबर तक चलेगा। कलेक्टर रमेश शर्मा ने सत्र के प्रश्नों के उत्तर तैयार कर समय पर उपलब्ध कराने के लिए जिले में विधानसभा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बीएस उइके को नियुक्त किया है। उनके अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर लिंक ऑफिसर होंगे। उइके का मोबाइल नंबर-9424272310 और कार्यालय का दूरभाष नंबर-07741232609 है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर एवं लिंक ऑफिसर का मोबाइल नंबर-9926603709 और कार्यालय का दूरभाष नंबर-07741232234 है।

शीतकालीन विस सत्र 13 से 17 दिसंबर तक

कवर्धा/नवप्रदेश। छग की शीतकालीन सत्र 13 से 17 दिसंबर तक चलेगा। विस सत्र के दौरान प्राप्त विस प्रश्नों की जानकारी तत्काल फैक्स एवं विशेष वाहन से भेजनी पड़ती है। सत्र के दौरान तत्काल कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना कलेक्टर की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर, जानकारी प्रेषित करने के लिए अपने-अपने कार्यालय में नोडल अधिकारी नियुक्त करें तथा नोडल अधिकारी का नाम, फोन नम्बर, मोबाइल नम्बर से जिला कार्यालय को अवगत कराएं। विधानसभा सत्र के दौरान जो भी विधानसभा प्रश्न प्राप्त होता है उसकी जानकारी निर्धारित समय के अंदर भेजे उसके लिए अपने अपने कार्यालय में एक पंजी संधारित करें एवं जानकारी प्राप्त होने से जवाब भेजे जाने तक की संपूर्ण जानकारी इन्द्रांज कराए तथा पंजी हमेशा अद्यतन रखे। विधानसभा प्रश्न भेजे जाने, लंबित रहने, उसकी समयावधि आदि की नोडल अधिकारी प्रतिदिन समीक्षा भी करें। विधानसभा प्रश्न की जानकारी भेजी जाती है, उस जानकारी की एक प्रति जिला कार्यालय अधीक्षक शाखा को अवश्य भेंजे। विधानसभा प्रश्न का उत्तर भेजते समय पूर्व में उस विषय पर प्रेषित उत्तर एवं जानकारी को अवश्य अध्ययन कर लिया जाएं, ताकि कोई विरोधाभाष या भ्रम नहीं रहे। कार्यालय प्रमुख अपने अपने कार्यालय में विधानसभा प्रश्नों की जानकारी भेजने एवं प्राप्त करने आदि के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करेंगे तथा अवकाश दिवस में भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर आदेश की प्रति अधीक्षक जिला कार्यालय को भेंजे। ध्यानाकर्षण सूचना का जवाब ध्यानार्षण सूचना प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश है। इस निर्देश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

दिल्ली से अवार्ड लेकर पहुंची पालिका अध्यक्ष का हुआ स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद को स्वच्छता अभीयान में पूरे भारत में दूसरा स्थान मिला है एवं पूरे ईस्ट जोन में भाटापारा को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार 50 हजार से 1 लाख की आबादी वाले शहर में प्राप्त हुआ है। इसके लिए 20 नवंबर को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा स्वच्छता का अवार्ड विज्ञान भवन नई दिल्ली में प्रदान किया गया है। पुरस्कार नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुनीता गुप्ता एवं तत्कालीन मुख्य

नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने प्रदेश के नगरी निकाय मंत्री शिव डहरिया के साथ ग्रहण किया है। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सोमवार को भाटापारा पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता और उनके प्रतिनिधि सुनील गुप्ता का रेलवे स्टेशन में कांग्रेशजनों एवं सभी कांग्रेसी पार्षदों तथा पूरी नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया और जुलूस के रूप में बाजे गाजे के साथ नगरपालिका लाया गया।

भाटापारा की जनता का सम्मान

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह पुरस्कार और यह सम्मान भाटापारा नगर की जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग के सभापति रोहित साहू एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी के अतिरिक्त नगर के समस्त नागरिकों का अमूल्य सहयोग रहा है जिनके सहयोग की वजह से ही भाटापारा को स्वच्छता में पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए मैं पूरी नगर पालिका की टीम को धन्यवाद देती हूं साथ ही समस्त पार्षदों को तथा नगर के नागरिकों के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूं और यह उम्मीद करती हूं कि इसी प्रकार का सहयोग नगर के नागरिकों का और अन्य सभी लोगों का मिलता रहेगा और उम्मीद करती हु कि अगली दफा जब स्वच्छता अवार्ड मिले तो भाटापारा नगर पालिका पहले स्थान पर रहे।

यूएस की अमेजॉन कंपनी के खिलाफ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सौंपा ज्ञापन

- जीएसटी दर में वृद्धि के साथ गांजे की सप्लाई का हो रहा विरोध

बालोद। यूएस की अमेजॉन कंपनी के खिलाफ पूरे देश भर में व्यापारियों द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया है। इसका असर छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भी देखने को मिला है। प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिले के चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों ने भी बालोद कलेक्टर को बुधवार को ज्ञापन सौंपकर अमेजन कंपनी के खिलाफ प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजते हुए कार्यवाही की मांग की गई। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ बालोद द्वारा अमेज़ॉन कंपनी द्वारा कमीशन के लालच में भारतीय ई कॉमर्स प्लेटफार्म का दुरूपयोग कर प्रतिबंधित ड्रग्स बेचे जाने एवं टेक्सटाइल एवं

फुटवियर पर जीएसटी दर 5त्न से बढ़ाकर 12त्न किये जाने का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से बालोद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजू पटेल,मोहन नाहटा,भवानी अग्रवाल,स्वरूप राठी,हंसमुख टुवानी,धीरज पटेल,समीर गुप्ता,संतोष शर्मा,प्रफुल्ल पटेल, डालेश्वर साहू ,शम्भू पटेल, संजय जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजू पटेल सहित अन्य व्यापारियों ने कहा कि ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अब भी अपने पोर्टल पर उन सामानों की बिक्री कर रही है जो भारत में प्रतिबंधित है। अमेजन ने ही आंतकियों को अमोनियम नाइट्रेट सहित अन्य वो सामानों की डिलीवरी की जिसे भारत में बेचने पर पाबंदी है। इन सामानों की मदद से आंतकियों ने पुलावामा घटना को अंजाम दिया। जिससे हमारे 40 सैनिक शहीद हुए। एनआइए की जांच में इसका खुलासा हो चुका है। वहीं, अब अमेजन भारत में प्रतिबंधित मारिजुआना (गांजा) की होम डिलीवरी कर रहा है।

विशाखापट्टनम में पकड़ा गया गांजा

पुलिस ने अब तक मध्य प्रदेश के भिंड और विशाखापट्टनम में अमेजन द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचने की जानकारी मिल चुकी है। 20 नवंबर को ही विशाखापट्टनम की पुलिस ने 48 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही दो डिलीवरी ब्वॉय को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश की पुलिस भी 17 किलोग्राम गांजा बरामद कर चुकी है। कैट ने भिंड व विशाखापट्टनम पुलिस से एनडीपीएस अधिनियम की धारा 38 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है।

ढाबा संचालक 40 पाव शराब के साथ गिरफ्तार

भाटापारा। ग्राम हतबन्ध में पंकज ढाबा संचालक को देसी मसाला शराब के साथ सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 40 पाव देसी मसाला शराब जब्त किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 हजार रुपए है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि मंगलवार को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम हथबंध के प्रभु सेन अपने ढाबा में शराब रखकर लोगों को शराब पिलाता है। सूचना पर सिमगा थानेदार पुरषोत्तम कुर्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्यवाही कर आरोपी प्रभू सेन पिता नरसिंह सेन साकिन हथबंध थाना सिमगा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 40 पाव देशी मसाला शराब कीमती 4 हजार रुपए जब्त किया गया। आरोपी प्रभु सेन के खिलाफ अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

इंदौरी में 3859 लोगों को लगा कोरोना का टीका

कवर्धा। निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी में अब तक 3859 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाया जा चुका है। आम नागरिकों को कोरोना जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए कलेक्टर रमेश शर्मा के निर्देश और सीएमएचओ डॉक्टर एस के मंडल के आदेश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी में विशेष टीकाकरण सप्ताह मनाया जा रहा है। 22 नवंबर को 154 और 23 नवंबर को 105 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी के प्रभारी सुरेंद्र चंद्रवंशी ने बताया 22 तारीख को 103 लोगों को पहली बार वैक्सीन लगाया गया जबकि इनका 51 लोग सेकंड डोज लेने के लिए स्वास्थ केंद्र आए थे । इसी तरह से 23 नवंबर को 66 लोगों को पहली बार वैक्सीन लगाया गया जबकि 39 लोगों को सेकंड डोज लगाया गया है। चंद्रवंशी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी में अब तक 3850 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। वैक्सीनेशन का काम पुरुषोत्तम जायसवाल और संगीता सिन्हा के द्वारा की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से विशेष टीकाकरण सप्ताह का लाभ अधिक से अधिक संख्या में उठाने की अपील की है।

ओएलएक्स के माध्यम से ऑनलाईन खरीदे गए वाहन में की जा जाती थी गांजे की तस्करी, 4 गिरफ्तार

बालोद/गुरुर। 16 नवम्बर को टोल प्लाजा के पास एनएच 30 रोड जगतरा पुलिस चौकी पुरूर थाना गुरूर द्वारा एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 9097 फोर्ड फ्यूजन वाहन में गांजा 22 किलो 500 ग्राम प्लास्टिक की बोरी में भरे हुए कीमती 2,25,000 रुपए जब्त किया था। मौके से चेकिंग के दौरान आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी शिशिर पांडे के द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध वाहन में अवैध मादक द्रव्य गांजा की अवैध तस्करी करते हुए

पाये जाने पर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। फरार आरोपियों की पता किया जा रहा था। जांच के बाद पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें भिलाई के जितेन्द्र सिरमोर निवासी सेक्टर 07, थानेश्वर उर्फ राजा विश्वकर्मा सेक्टर 07 भिलाई एवं पंखाजुर उत्तर बस्तर कांकेर से अर्जुन मंडल और सनातन विश्वास दोनों निवासी पीवी 69 ठाकुर नगर जिला कांकेर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ के 15 निकायों ...

संहिता लागू हो जाएगी।

संबंधित जिला प्रशासन चुनाव की अधिसूचना 27 नवंबर को जारी करेगा। उसी दिन सीटों के आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची भी जारी हो जाएगी। नामांकन फॉर्म भी 27 नवंबर से मिलने शुरू होंगे। नामांकन की आखिरी तारीख 3 दिसंबर तय की गई है। दिसंबर की 6 तारीख तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद बचे हुए वैध उम्मीदवारों की सूची और चुनाव चिन्ह का आवंटन भी 6 दिसंबर को ही हो जाएगा। एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में 20 दिसंबर को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। 23 दिसंबर को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। उसी दिन परिणामों की घोषणा भी हो जाएगी।

आरएलडी के बाद ...

कुछ तय हो जाएगा, इस बारे में जानकारी दी जाएगी। संजय सिंह ने कहा कि हम सभी की प्राथमिकता बीजेपी को हराना है। हमारी प्राथमिकता बीजेपी के कुशासन और तानाशाही को हराना है। यह पूछे जाने पर कि क्या छोटे दल भाजपा के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं और क्या इसमें आम आदमी पार्टी भी नजर आएगी? तो संजय सिंह ने जवाब दिया कि सबकी प्राथमिकता एक जैसी है।

सीएम नवीन के ...

जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और कांग्रेस से जुड़े एनएसयूआई के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया था।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष इरशीश आचार्य ने भुवनेश्वर में संवाददाताओं से कहा, ÷जयंत दास के नेतृत्व में हमारे कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के काफिले को निशाना बनाकर अंडे फेंके हैं। यह विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक पटनायक अपने कुछ दागी मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते।

बाद में, विपक्षी कार्यकर्ताओं ने इसे 'शुद्ध' करने के लिए जगन्नाथ मंदिर के सामने ग्रैंड रोड पर गोबर का पानी भी छिड़का, यह दावा करते हुए कि राज्य के 'दागी' मंत्रियों ने, जो वहां शिलान्यास समारोह में शामिल हुए थे, ने पवित्र पथ को 'अशुद्ध' कर दिया।

शहर के बाहरी इलाके मालतीपतापुर के पास संसदीय कार्य मंत्री बीके अरुखा के काफिले पर भी अंडे फेंके गए। कालाहांडी महिला शिक्षक के अपहरण और हत्या मामले में कथित संलिप्तता के लिए गृह राज्य मंत्री डीएस मिश्रा को हटाने की मांग को लेकर विपक्षी दल हफ्तों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के काफिले पर हमले पर टिप्पणी के लिए पुलिस तत्काल उपलब्ध नहीं थी।

दिल्ली प्रदूषण पर ...

यही नहीं सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण स्थिति को लेकर एक बार फिर सख्त नजर आया। शीर्ष अदालत ने केंद्र से तीखा सवाल करते हुए कहा कि हम सभी हवा के बहाव की वजह से बच गए, लेकिन आपने क्या किया। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वायु प्रदूषण में कमी आई है, हम तीन दिन बाद फिर से मॉनीटर करेंगे। तुषार मेहता ने कहा कि जो भी प्रतिबंध था वह 21 नवंबर तक था, अब स्थिति बेहतर हो गई है। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 403 था, जो अब 290 पहुंच चुका है। आईएमडी की रिपोर्ट बताती है कि हवा के एक ही दिशा में चलने के कारण 26 नवंबर तक स्थिति में और भी सुधार होगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि छह थर्मल पावर प्लांट 30 नवंबर तक बंद कर दिए गए हैं।

इस पर कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण से लड़ने के लिए वैज्ञानिक तैयारी होनी चाहिए, आगामी दिनों में हवा का बहाव कैसा होगा। इसको लेकर तैयारी की जा सकती है।

प्रदेश के 14 जिलों में ...

की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिराग परियोजना आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नयी रौशनी फैलाएगी।

इस योजना का उद्देश्य किसानों की आमदनी के अवसरों को बढ़ाना, गांवों में पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना, क्षेत्र की जलवायु पर आधारित पोषण-उत्पादन प्रणाली विकसित करना, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की कार्यप्रणाली का विकास करना है। इस परियोजना के माध्यम से कृषि क्षेत्र में विकास के नये और विकसित तौर-तरीकों को बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने किया थिंक बी के नए कार्यालय का शुभारंः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, उनके संवर्द्धन और संरक्षण के लिए स्थापित किए गए थिंक बी (टेक्नोलॉजी हब एंड इनोवेशन नेटवर्क फॉर नॉलेज बस्तर) के धरमपुरा स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज परिसर में निर्मित नए कार्यालय का शुभारंभ किया। सीएम बघेल ने यहां पर स्टार्टअप करने वाले युवाओं से भी मुलाक़ात कर उनके व्यापार की प्रगति और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही पॉलीटेक्निक कालेज के विद्यार्थियों के लिए निर्मित स्मार्ट क्लास और स्मार्ट लैब का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने थिंक बी में स्टार्टअप करने वाले युवाओं से मुलाक़ात की। मॉम्स फूड के स्टाल पर मनोज साहू से उनके स्पेशल उत्पादों की सीएम ने जानकारी ली और नारियल और गुड़ के लड्डू का स्वाद भी लिए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा का नामकरण धरमू माहरा के नाम पर और बस्तर हाईस्कूल को जगतू माहरा के नाम पर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने जगतू माहरा के नाम पर भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी गातापार, जिला-रायपुर में अटल आवास योजनांतर्गत निर्मित भवन क्र.-258, (1) श्री योगेन्द्र साहू पिता जनक राम साहू (2) श्रीमती रूखमणी साहू पति श्री योगेन्द्र साहू (3) श्रीमती गायत्री साहू पति श्री देवशंकर साहू, के संयुक्त नाम पर आबंटित है। वर्तमान में उक्त भवन की रजिस्ट्री नहीं किया गया है। आबंटी क्र.-03 श्रीमती गायत्री साहू पति श्री देवशंकर साहू, निवासी- ग्राम-टीला, तहसील-अभनपुर, रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 14.04.2021 को हो जाने के कारण उनके वारिसान पुत्र श्री शुभम साहू पिता श्री देवशंकर साहू निवासी-ग्राम-टीला, तहसील-अभनपुर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन (1) श्री योगेन्द्र साहू पिता श्री जनम राम साहू (2) श्रीमती रूखमणी साहू पति श्री योगेन्द्र साहू (3) श्री शुभम साहू पिता श्री देवशंकर साहू के संयुक्त नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/भूखंड के फ्री होल्ड पश्चात नामांतरण किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक..... ब/121
ग्राम - छोटं

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक महेन्द्र गायकवाड़ पिता श्री चैनु गायकवाड़ ग्राम छोटं तहसील आरंग द्वावरा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/पिता/माता/दादा/दादी दाऊ के मृत्यु दिननांक 20.08.1993 का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 7.12.2021 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
आरंग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

(विकासखण्ड-दुर्ग) (दुर्ग ग्रामीण-क्षेत्र)

क्रमांक-12672/व.ले.लि./लेखा खण्ड/2021-22 — दुर्ग, दिनांक 22.11.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ई-श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि., रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 10/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि : 16/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 21/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 23/12/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्रं निविदा क्रं.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3
24 T0303	जिला दुर्ग ग्राम निकुम में मेन रोड़ से मुक्तिधाम तक सीमेंट कांक्रीट फुटपाथ निर्माण कार्य	13.99
24 T0304	मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी, स्कूल, ग्राम पंचायत भवन कातरो-मातरोडीह पहुंच मार्ग कातरो	11.57
24 T0305	वार्ड क्र. 13, में बंशी साहू के घर के पीछे से चंदू देवांगन घर तक, श्यामलाल सतनामी गली सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य	6.46
24 T0306	वार्ड क्र. 5 में शनिदेव मंदिर के पास पहुंच मार्ग सी.सी. रोड निर्माण कार्य	3.62
24 T0307	ग्राम रसमड़ा में मुख्य मार्ग प्राइमरी हेल्थ सेंटर से पंचायत भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	13.56
24 T0308	ग्राम पीपरछेड़ी में शीतला मंदिर से शमशान घाट पहुंच मार्ग।	13.42
24 T0309	मुख्य मार्ग से स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, पहुंच मार्ग भरदा	11.27
24 T0310	ग्राम चंदखुरी में मुख्य मार्ग से हायर सेकेण्डरी स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	10.80
24 T0311	मुख्य मार्ग से श्मशान घाट से ग्राम पंचायत करगाडीह पहुंच मार्ग	12.60
24 T0312	वार्ड क्र. 13. में खोपली रोड मुख्य सड़क से बोरझरिया चेतन वर्मा के घर तक सी.सी रोड़ निर्माण कार्य	12.49
24 T0313	ग्राम जंजगिरी में मुख्य मार्ग से सामुदायिक भवन तक सी.सी रोड़ निर्माण कार्य।	10.80
24 T0314	मुख्य मार्ग से स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगन बाड़ी पहुंच मार्ग चिरपोटी	10.68
24 T0315	वार्ड क्र. 4, में राजेन्द्र प्रसाद देवांगन से राजेन्द्र प्रसाद के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य।	5.17
24 T0316	वार्ड क्र.7, में भुनेश गोस्वामी के घर से राजेन्द्र साहू के घर एवं त्रिलोचन ठाकुर गली, देवांगन गली सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य।	9.57
24 T0317	वार्ड क्र. 6 में मेन रोड से पुष्पा गायकवाड़ के घर तक, मुन्नी बाई के घर से शांति भारती के घर तक, श्री बजरंग बली मंदिर के पीछे से रोड़ तक, उषाभारती के घर से खोरबाहरा कुर्रे के घर तक एवं गार्डन के सामने से पुष्पा यादव घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य।	9.25

☐ General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition

नोट :- अन्य निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-65296/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग, संभाग दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अनुभाग गंडई क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

गंडई पंडरिया। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-73 के अंतर्गत अनुभाग गंडई क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने

मतदान केन्द्रों में पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 146 एवं 147 झुरानदी के बीएलओ ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायक तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 119 खैरानवापारा के अविहित अधिकारी के अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिए। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री वर्मा ने मतदाता केन्द्र क्रमांक 70 एवं 71 नवीन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गण्डई में निरीक्षण के दौरान महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाता से अधिक होने पर प्रभावित हुए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार छुईखदान मोक्षदा देवांगन, तहसीलदार गण्डई टीआर वर्मा, दिलेश तिवारी सहित अधिकारी उपस्थित थे।

आम जनता से अपील

सिकोसा / जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने आम लोगों से जय जोहार करते हुए की अपील गुंडरदेही एवं बालोद जिला के समस्त लोगों को कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण लगाने हेतु बालोद जिले में कोविड19 से बचाव टीकाकरण के लिए महाअभियान दिनांक 24.11.2021 दिन बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। आम जन की सुविधा को देखते हुए पूरे जिले में 515 टीकाकरण केन्द्र बनाये गए हैं । सभी आम जन से अपील है कि जिनकी भी टीकाकरण की दूसरी खुराक लगना शेष है वे सभी अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर टीकाकरण की दूसरी खुराक अवश्य लेवें। अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र की जानकारी हेतु अपने गांव के ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क करें। टीकाकरण एवं कोविड उचित व्यवहार ही कोरोना से बचने में सहायक होगा। आप सभी आमजन के सहयोग से ही हम कोरोना जैसी घातक बीमारी मुक़ाबला कर सकेंगे। आइये हम सभी मिल कर इस टीकाकरण के महाअभियान को सफल बनायें।

नक्सल प्रभावित गांव के विद्यार्थियों को नि :शुल्क भरवाया जा जवाहर नवोदय विद्यायल का फार्म

कवर्धा। कबीरधाम जिले के उडियाकला में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया जारी है। कक्षा छठवीं के लिए 30 नवंबर 2021 तक ऑनलाइन आवेदन भरा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर के मार्गदर्शन में अतिनक्सल प्रभावित गांवो के कक्षा पांचवी में अध्यनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क जवाहर नवोदय विद्यालय का फार्म भरवाया जा रहा है। अभी तक वनांचल एवं अतिनक्लस प्रभावित गांवों के लगभग 20 विद्यार्थियों का निःशुल्क भरवाया गया है, वनांचल इलाके में आवेदन की प्राक्रिया अभी भी जारी है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा है। पुलिस के इस पहल के द्वारा अब ग्रामीणों को आपस में जोड़ने का काम भी किया जा रहा है। कवर्धा जिले में अब अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 8 अस्थाई प्राथमिक स्कूल खोले गए है। जिसमें लगभग 150-160 विशेष जनजाति के बच्चे पढ़ाई कर रहे है। पढ़ाई का पुरा खर्चा कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा उठाया जा रहा है साथ ही 3 ओपन स्कूल कोचिंग क्लास सेंटर के माध्यम से समय-समय पर पढ़े-लिखे युवाओं द्वारा बच्चे को कोचिंग दिया जाता है।

बदली बारिश के बाद धुंध की चादर ओढ़कर हुआ सवेरा

खरोरा। बदली और बारिश के बाद बुधवार को अंचल में घना कोहरा छाया रहा। सुबह कोहरे की वजह से पास के व्यक्ति भी नजर नहीं आ रहे थे जिससे वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों ने हेडलाइट जलाकर आवागमन किया। पिछले कई दिनों के बाद मौसम खुलने से धूप निकली है जिससे रात को ठंड बढ़ गई है। लोगों ने सेवेटर पहनना शुरू कर दिया।

बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत 10 हजार 168 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण

गरियाबंद। राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 14 नवंबर से 20 नवंबर तक जिले के विभिन्न स्कूलों/छात्रावासों में किया गया। जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण) डॉ. टी. सी. पात्रे के निर्देशन में नेत्र सहायक अधिकारियों एवं जिले के सभी चिरायु दल के मेडिकल स्टॉफ के द्वारा स्कुलों में नेत्र परीक्षण का कार्य किया गया। एक सप्ताह तक आयोजित इस नेत्र परीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए सहायक जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण) सुविनय बोस ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत जिले के कुल 194 स्कूलों के 10,168 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 212 विद्यार्थियों में दृष्टिदोष पाया गया है। इनमें से 13 विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मा प्रदाय किया गया है तथा शेष सभी विद्यार्थियों के चश्में के नंबर अनुसार चश्में बनवाये जा रहे हैं।

पेट्रोल-डीजल व सीमेंट के दाम में बढ़ोतरी पर भाजपाइयों का चक्काजाम, घंटों फंसे राहगीर

देवभोग। छत्तीसगढ़ में सीमेंट की बढ़ी कीमतों को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारियों के साथ देवभोग से रायपुर नेशनल हाईवे पर घंटों चक्का जाम करके भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही भूपेश सरकार की नीति नियत का असर आम जनता पर पड़ने का आरोप लगाया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष माखन कश्यप ने देवभोग में मोर्चा संभाला तो गोहरापदर पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी और मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी डटे रहे। करीब डेढ़ घंटे की चक्काजाम में गाड़ियों की कतार लग गई। काफी ज्यादा संख्या में लोग चक्काजाम स्थल पर सड़क खुलने का इंतजार करते रहे। हालांकि डिलीवरी पेशेंट और इमरजेंसी मरीजों को सुरक्षित तरीके से छोड़ा जाता रहा। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक रोशन लाल अवस्थी, जितेंद्र माझी, चंद्रशेखर सोनवानी, प्रमोद यादव, रुद्रास साहू, पुनीत राम सिन्हा, राजू अग्रवाल के अलावा अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बीच भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष माखन कश्यप ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर 5 रुपए और डीजल में 10 रुपए कम किया है। लेकिन भूपेश सरकार पेट्रोल पर 77 पैसा एवं डीजल में 1 रुपए 44 पैसा खानापूर्ति की तरह कम की है। मतलब पूरे देश में पहला राज्य है जहां वर्तमान में भी पेट्रोल डीजल सौ का आंकड़ा छू रही है। जबकि लगभग सभी राज्य में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल कम करने के बाद सामान्य वेट कम कर पेट्रोल डीजल बेचा जा रहा है। इसके अलावा सीमेंट की दाम मे भी लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। प्रदेश का पैसा उत्तर प्रदेश के चुनाव में इस्तेमाल किया जा सके। जिससे प्रदेश की जनता अब भली-भांति अवगत हो गई है। तभी आम जनता भाजपा की आंदोलन को समर्थन देते हुए सड़कों पर दिखाई दे रही। क्योंकि कांग्रेस सरकार सिर्फ दिखावा के लिए किसान हितेषी बनी हुई है। जबकि वर्तमान में पानी से किसानों की फसल नुकसान को लेकर कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। इसके साथ योगीराज माखन ने भूपेश बघेल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भूपेश टैक्स और तमाम तरह की वसूली से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन गरीबों कि जब बात होती है तो भूपेश बघेल अपने हाथ खड़े कर देते हैं। क्योंकि केंद्र सरकार से लाखों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया रहा लेकिन भूपेश बघेल ने फंड का टोटा बताकर वापस कर दिया । जिसका नुकसान आज भी कच्चे घरों पर गुजर बसर कर गरीब लोगों को उठाना पड़ रहा है।

डेढ़ साल बाद भी चावल घोटाले के आरोपियों पर नहीं हुई कार्यवाही

- 120 क्विंटल चावल एवं 60 क्विंटल गेहूं का हुआ था घोटाला
- कोटा संचालक बाप एवं सेल्समैन बेटा ने मिलकर दिया था घोटाले को अंजाम

राजनांदगांव। छुरिया विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत नादियाखुर्द में आज से ठीक डेढ़ साल पहले कोरोना काल के गरीबों को दिए जाने वाले राशन में सोसाइटी संचालक बाप एवं सेल्समैन बेटा द्वारा जमकर खुलेआम लूट मचाया गया था। बाप-बेटों ने मिलकर करीब आठ लाख रुपये के राशन का वारा न्यारा किया था। इन दोनों ने मिलकर एक सौ बीस म्टिंल चांवल एवं साठ म्टिंल गेहूँ का खुलेआम घोटाला किया था।

इन दोनों बाप-बेटों ने माह जुलाई 2020 का राशन वितरण ही नहीं किया था और राशन दुकान में ताला ठोककर दुकान का लैपटॉप एवं राशन वितरण के पूरे पांच साल का रिकार्ड लेकर भाग गए थे। चूंकि उक्त माह में पंचायत के लोगो को जब 15 दिन बाद भी राशन नहीं मिला तब ग्रामीणों ने उक्त मामले की शिकायत स्थानीय सरपंच दीपक ठाकुर से किया। ग्रामीणों की शिकायत पर सरपंच दीपक ठाकुर ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से की थी। सरपंच की शिकायत पर तात्कालीन जिला कलेक्टर ने एसडीएम डोंगरगांव को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए। फिर एसडीएम ने एफआई को जांच के लिए भेजा था।

एफआई ने ग्राम पंचायत पंहुचकर राशन दुकान का ताला सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच तोड़ा जंहा पर तत्कालीन सरपंच दीपक ठाकुर, पंचायत के समस्त पंच, कोटवार, पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

फूड इंस्पेक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट में 120 क्विंटल चावल एवं 60 क्विंटल गेहूं बाप बेटों द्वारा गबन करना पाया गया। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद नियमतः एसडीएम को उक्त मामले में पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करना था, लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जबकि सभी चीजों के लिखित दस्तावेज, गवाह एवं प्रमाण सब कुछ उपलब्ध है।

जिले के मानपुर में मनाया गया मितानिन दिवस

राजनांदगांव। सेवाभाव के प्रमाणों से पता लगता है कि मितानिन भी सेवा का ही एक पर्याय हैं। विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मोर्चे पर मितानिन किसी सिपाही की तरह डटी हुई हैं। मितानिन के सम्मान में जब मितानिन दिवस की बात आती है तो वह और भी गौरवान्वित होती हैं।

मितानिन के सम्मान में जिले में भी मितानिन दिवस मनाया गया। इस मौके पर मितानिन के क्रिया-कलापों की प्रशंसा करते हुए उन्हें और भी बेहतर व प्रेरक कार्यशैली अपनाने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया। जिले के मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला समन्वयक (मितानिन) सुमन चौधरी ने कहा, मितानिन अब समाज का प्रमुख अंग हैं। कोई शहर में हो या फिर गांव में, स्वास्थ्यगत सरोकार के साथ मितानिन हर घर तक पहुंचती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बनी हुई हैं, जिसके सकारात्मक नतीजे लगातार देखने को मिल रहे हैं। जिला समन्वयक (मितानिन) सुधा देशमुख ने कहा, मितानिन वह सेवाभावी महिला है, जो हमारे परिवार के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी लेती हैं। वह सामान्य टीके व पोषण से संबंधित कार्यक्रम के साथ-साथ कोविड संक्रमण के दौर में भी प्रमुख योगदान देती आई हैं। इसलिए मितानिन के सम्मान में जिले में मितानिन दिवस मनाया जा रहा है, जो गौरव का क्षण है।

सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की तरह हैं। मितानिन के निःस्वार्थ कार्यों से स्वास्थ्य विभाग को काफी सहयोग मिलता है। कई बार जहां पर विभाग के कार्यकर्ता नहीं पहुंच पाते, वहां पर मितानिन पारा व मोहल्ले तक पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देती हैं।

जिम्मेदारी मिली है तो इसे निभाना पहला कर्तव्य

कार्यक्रम अवसर पर मितानिन सुनीति तिवारी ने कहा, स्वास्थ्य सेवा पुण्य कार्य होता है, यह भाव हर किसी में होना चाहिए। मितानिन के रूप में हमें भी स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है जिसे पूरा करना हमारा पहला कर्तव्य है। गांव में स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित सकारात्मक परिणाम मिलने पर हमारा उत्साह दोगुना हो जाता है, जिससे हमें और बेहतर कार्यशैली की प्रेरणा मिलती है।

सुपेबेड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

गरियाबंद। स्वास्थ्य विभाग गरियाबंद अंतर्गत देवभोग विकासखण्ड के ग्राम- सुपेबेड़ा में विशेष रूप से किडनी मरीजों की जांच, उपचार, परामर्श एवं किडनी संबंधी बिमारियों के प्रति लोगों में जनजागरूकता एवं इनसे बचाव के उपाय के उद्देश्य से 23 नवम्बर 2021 को खण्ड स्तरीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। दल द्वारा जांच-उपचार करते हुए 04 लोगो का रक्त नमूना लिया गया तथा खण्ड स्तरीय दल एवं जिला चिकित्सालय के डॉ. महावीर प्रसाद अग्रवाल द्वारा कुल-08 मरीजों का जांच-उपचार कर किड़नी संबंधी दवाईयों का वितरण किया गया।

कमला कॉलेज में क्रीड़ा विभाग द्वारा 22 दिवसीय वेल्यू एडेड कोर्स का संचालन

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा 22 दिवसीय वेल्यू एडेड कोर्स का संचालन सफलता पूर्वक चल रहा हैं। उक्त प्रशिक्षण सेन्साई मुरली भारद्वाज के मार्गदर्शन में कु. नेहा यादव, करण साहू एवं इशब सिंह द्वारा किया जा रहा है। तीनों कराटे के ब्लैक बेल्ट एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी है, के अभ्यास की शुरूआत में पहले वार्मअप व्यायाम कराया जाता है। 24 नवंबर 2021 को सेन्साई मुरली भारद्वाज द्वारा जूड़ो कराटे के एडवांस टेक्नीक का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि जूडो कराटे जापान का राष्ट्रीय खेल है। जापान में बच्चों से लेकर बूढ़े सभी इस खेल में भाग लेते है। इसमें उपयोग होने वाले सभी टेक्नीकल शब्द जापानी भाषा के ही हैं। आत्मरक्षा के लिए उपयोग होने वाले किक, पंच, ब्लाक आदि के बारे में बताया। जूडो कराटे उसके पश्चात उन्होंने अपर पंच मीडिल पंच एवं लोवर पंच के साथ-साथ किक के अंतर्गत मायागिरी एवं नी किक का अभ्यास कराया। साथ ही शरीर के नाजुक अंग की जानकारी दी।

गुणवत्ता व मानक की अनदेखी पर होगी कार्यवाही : ऋषि कुमार

- सीसी रोड़ निर्माण का औचक निरीक्षण

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सब इंजीनियर व ठेकेदार को भी आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण कार्य ठीक ढंग से नहीं होने के कारण नपाध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की। नपा अध्यक्ष ने वार्ड 08 में चल रहे सीसी रोड़ निर्माण का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। सीसी रोड निर्माण कार्य निरीक्षण करते हुए कहा कि रोड की गुणवत्ता व मानक अनुरूप बनाये तथा सड़क में प्रतिदिन डाले, जिससे सड़क मजबूती बना रहे। नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में गुणत्ता व मानक की अनदेखी न की जाए। गड़बड़ी मिली तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होनें वार्डवासियों से भी कहा कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार व नगर पालिका का सहयोग करें व अपने घर के सामने निर्मित सड़क पर पानी डाले।

20 फीट की अंतराल में लगाये वृक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सीसी रोड का निरीक्षण कर उप अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यो का पर्यवेक्षण ठीक ढंग से किया जाना सुनिश्चित करें। सड़क का गुणवत्ता का ध्यान रखे ताकि सड़क अच्छा व सुंदर ढंग से बने। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को निर्माणाधीन सड़क में 20-20 फीट की अंतराल में वृक्ष लगाये जाने के लिए निर्देशित करें। ठेकेदार द्वारा 20 फीट के अंतराल में वृक्ष लगाये जाने के बाद भी भुगतान की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद सुनील साहू भी उपस्थित रहे।

जिलें के 6 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों से 2 हजार 262 छात्र हो रहे हैं लाभांवित

- कलेक्टर ने किया आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों की समीक्षा

भाटापार/नवप्रदेश। कलेक्टर सुनील जैन ने बुधवार को जिला कार्यालय स्थित प्रगति कक्ष में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित विकासखंड मुख्यालयों में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों के प्रतिवेदन पर चर्चा की गयी।

कलेक्टर ने कुछ भवनों के निर्माण की धीमी गति पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने सभी जगह छुटपुट बचें हुए कार्यो को 8 दिसंबर तक पूर्ण करनें निर्देश दिए है। डीईओ ने जानकारी देतें हुए बताया कि जिलें के 6 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में 2 हजार 262 छात्र लाभांवित हो रहें है। जिसमें बलौदाबाजार में 404 पलारी 350 एवं कसडोल 340 सिमगा 385 बिलाईगढ़ 401 एवं भाटापारा में 382 छात्र अध्ययनरत है। सभी छात्रों का स्कॉलरशिप, डिजिटल छात्र रिपोर्ट, परीक्षा एवं अन्य मूलभत जानकारी को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने आगें रिक्त हुए शिक्षकों की भर्ती के बारे में जानकारी देतें हुए कहा कि इंटरव्यू की प्रकिया पूरी कर ली गयी है एवं अन्य भर्ती प्रक्रिया जारी है। शाम तक लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी। सभी को निर्देश देतें हुए कहा कि बचें हुए कार्यो को अधोसंरचना मद से पूरा करने कहा है। इसी तरह जिन स्कूलों में बची हुई प्रयोगशाला सामग्री, उपकरण, नींचर, लाइब्रेरी में पुस्तकों की व्यवस्था, स्पोर्ट्स के लिए मैदानों का समतलीकरण एवं खेल सामग्रियों की समुचित व्यवस्था शीघ्र करनें कहा गया है।

छुरा की बेटियों ने भारोत्तोलन में किया कमाल, ईशा मरकाम बनी स्टेट चैम्पियनशीप

सब जूनियर वर्ग में उप विजेता, कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

गरियाबंद । आदिवासी बाहुल्य जिले की बेटियाँ खेलकूद में जिले का नाम रोशन कर रही है। छुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में रहने वाले बेटियों ने कमाल करते हुए रायपुर में आयोजित 21वीं स्टेट लेबल स्कूल खेम्स के वेट लिफ्टिंग खेल में स्टेट चैम्पियनशिप अपने नाम कर जिले को गौरवान्वित किया है। वहीं 19वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप धमतरी में उप विजेता का तमगा अपने नाम किया है। अंचल की लड़कियों की इस खास उपलब्धि पर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने उन्हें बधाई देते हुए उनके खेल के प्रति लगन की सराहना किया है। सभी विजेता खिलाड़ी कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। कलेक्टर ने कहा कि सीमित संसाधनों से इस मुकाम तक पहुंचना काबिले तारिफ है। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से ऐसे खिलाड़ियों को आवश्यक मदद देने का भरोसा दिलाया है, जो राज्य स्तरीय खेलकूद में भाग लेकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। ज्ञात है कि शासकीय उ.मा. शाला छुरा में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली छात्रा कुमारी ईशा मरकाम ने रायपुर में आयोजित स्टेट लेवल स्कूल गेम्स में अंडर-17 अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इसी तरह उन्होंने 19वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता अर्जित की है। इसके अलावा जिले से कुमारी संध्या साहू द्वितीय स्थान, कुमकुम प्रथम स्थान, कुमारी लक्षवन्तिन तृतीय स्थान, देव निषाद तृतीय एवं प्रांजल सोनवानी द्वितीय स्थान हासिल किया।

टीम को सब जूनियर वर्ग में ओवरऑल उप विजेता घोषित किया गया। जनपद सीईओ छुरा एवं डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा ने बताया कि इन खिलाड़ियों को नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्हें प्रशासन द्वारा आवश्यक सुविधा मुहैया कराई जाएगी एवं उचित मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य थानेश्वर कंवर, पुष्पलता सिन्हा, संतराम नेताम एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रशिक्षक शीतल ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक:20211101000107/20211101000107
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

ढोर प.ह.न. 00017 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - संतोष कुमार वर्मा (2)/ अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक : संतोष कुमार वर्मा पिता/पति/विभाग-स्व. मंदलाल वर्मा पता- कुरूद द्वारा ग्राम-ढोर प.ह.नं. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खं.नं. 2235/2 रकबा 0.13 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बेनामा के माध्यम से विक्रता श्री साधुराम पिता हरिराम से क्रय किये जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 13.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

E-mail ID-ee.dhamtari@nic.in — Fax No. 07722-235519
क्रमांक-5489/NIT-20/2021-2022/व.ले.लि. — दिनांक 12/11/2021

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 02.12.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 09.12.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 10.12.2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
20 T0128	जिला एवं सत्र न्यायाधीश धमतरी के लिए 1 नग बी-टाईप शासकीय आवासगृह निर्माण स्थल का समतलीकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण	15.48 11610.00 0.00
20 T0129	शासकीय पालिटेकनिक रूद्री धमतरी के एफ-3 आवासगृह का मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण)	4.53 5000.00 0.00
20 T0130	जिला जेल धमतरी में मुख्य बाउंड्रीवॉल के पीछे कॉन्क्रीट निर्माण कार्य (कार्य वर्ष 2021-22) प्रथम आमंत्रण	7.14 5400.00 0.00

1. सभी एनआईटी ई श्रेणी के लिये है
2. एनआईटी नंबर T0129 धमतरी (ग्रामीण) ब्लॉक के लिये है एवं T0128 & T0130 धमतरी नगर निगम क्षेत्र के लिये है।
3. सभी एनआईटी की समयावधि 3 Month Rekondate है।
4. निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-65292/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभगा धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

सिर्फ राजस्व वृद्धि नहीं, लोगों के घरों का सपना साकार होना चाहिए : मुख्यमंत्री बघेल

सीएम भूपेश की मंशा पर ग्रहण लगा रहे रियल एस्टेट कारोबारी

विकास श्रीवास्तव

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में इन दिनों सत्ता को साधने के नए-नए जतन देखने को मिल रहे हैं। कुछ नामचीन संस्थान सरकार से नजदीकियां बढ़ाकर आम लोगों के नाम पर खुद का हित साधने की जुगत में हैं। फिलहाल हम बात कर रहे हैं रियल स्टेट कारोबार की। बीते दिन ही कन्फ्रेडरेशन आफ रियल स्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन आफ इण्डिया (क्रेडाई)ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सम्मान में आयोजन किया। और इसी दौरान अपनी मांगों का पुलिंदा भी सौंप दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसी आयोजन के दौरान कहा कि सरकार का काम सिर्फ राजस्व वृद्धि नहीं, लोगों के सपनों को पूरा करना होना चाहिए। सीएम की इस मंशा पर रियल स्टेट कारोबारी ही अपने विरोधाभाषी प्रयासों से ग्रहण लगाने को लालायित हैं। इसे इस तरह भी समझ सकते हैं कि क्रेडाई रियल स्टेट कारोबारियों के हितों को लेकर बनाई गई संस्था है। सीधेतौर पर आम लोगों के हितों से इनका वास्ता शायद ही हो।

इधर सीएम का मानना है कि सरकार ने प्रदेशवासियों को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। इसमें जमीन के लिए कलेक्टर गाइडलाइन की दरों में वृद्धि न करने से लेकर जीएसटी में भी राहत प्रदान की गई। इसी तरह कोरोना काल में भी राज्य सरकार के प्रयासों से मध्यम वर्ग तथा गरीब वर्ग के लोगों ने भी अपने घर के सपने को पूरा किया। गाइडलाइन की दरों में कमी से रियल एस्टेट में इन्वेस्टमेंट बढ़ा है। सरकार ने 75 लाख रुपए तक के मकानों की बिक्री पर पंजीयन शुल्क घटाकर 2 फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह तैयार मकानों में जीएसटी 12 से घटाकर 5 और 45 लाख तक के मकानों पर 8 से घटाकर 1 कर दिया गया है। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ में विकसित प्लाट पर जीएसटी लागू नहीं है।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ सहित कई रियल स्टेट कारोबारी इन सभी छूट का लाभ आम जनता को होने का दावा करते हैं। महज रजिस्ट्री के खर्च से मकान खरीदना महंगा हो जाता है ऐसा बताया जाता है। इतना ही नहीं जमीन की प्राइवेट और सरकारी कीमतों में अंतर की भी दुहाई दी जाती है। सवाल यह है कि क्या रियल स्टेट कारोबारी अपने प्रोजेक्ट में स्वंय के लाभ को कम करते हुए रजिस्ट्री की कीमत को जोड़कर कीमत तय नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार को राजस्व का नुकसान होने के स्थान पर फायदा होगा। वहीं आम जनता को वह लाभ भी मिल सकेगा जिसकी मंशा सरकार की है।

इससे भी अधिक हैरत की बात यह है कि 75 लाख व 45 लाख के मकान खरीदने वाले ऐसे कौन सा मध्यम वर्ग व गरीब वर्ग है। रियल स्टेट कारोबारियों पर इडब्लूएस एलआईजी या कहें सस्ते मकान व फ्लैट बनाने की जिम्मेदारी है या नहीं। यदि है तो उसकी स्थिति क्या है और नहीं तो क्यों नहीं। सरकार और निवेशक दोनों तरफ से लाभ लेना ही इनका उद्देश्य है या प्रदेश के प्रति इनकी भी जिम्मेदारी बनती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस आयोजन के दौरान यह भी कहा कि, उनकी सरकार का उद्देश्य किसी एक क्षेत्र में ही विकास करना नहीं है, बल्कि जिस तरह के एक घर बनाने के लिए पूरी प्लानिंग होती है वैसे ही सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से चहुमुंखी विकास की दिशा में सभी क्षेत्रों में समन्वियत प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सलगढ़ के रूप में होती रही है लेकिन प्रदेश के सभी लोगों ने मिलकर बहुत कम समय में नयी पहचान दिलाने का काम किया। इसके लिए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव हो या किसानों की कर्ज माफी जैसे काम सरकार ने किए, साथ ही कई ऐसी योजनाएं शुरू की गई, जिससे आज अंतरराष्ट्रीय स्तर हमारी सकारात्मक पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, पहले उन्हें लेकर लोगों की मानसिकता थी कि वे सिर्फ गांव और ग्रामीणों के बारे में सोचते हैं लेकिन अब चेम्बर आफ कामर्स जैसी संस्था ने भी मान लिया है कि हमारी सरकार ने गांव से लेकर शहरी क्षेत्रों में अपनी योजनाओं के जरिए आम लोगों के जेब में पैसा डालने का काम किया है, जिससे व्यापारिक वर्ग को भी लाभ पहुंचा है।

कुल मिलाकर भूपेश सरकार के तीन साल के कामकाज से साफ है कि सीएम बघेल को महज गांव, गरीब और किसानों की फिक्र है ऐसा नहीं है। उनकी सरकार सर्वहारा वर्ग के लिए कुछ न कुछ अच्छा करने की कोशिशों में जुटी हुई है। उद्योग जगत से लेकर व्यापारी वर्ग भी उनके फैसलों से उत्साहित हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गांव, गरीब और किसान के प्रति नजरिया स्पष्ट है। उनके प्रयासों को देश भर में सराहना मिल रही है।

सम्मान समारोह के आयोजन की टाइमिंग पर सुलगते सवाल

छत्तीसगढ़ में व्यापारियों की सबसे प्रमुख संस्था छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज चंद दिनों पहले ही मुख्यमंत्री का सम्मान कर चुकी है। ऐसे में कुछ उसी तर्ज पर सम्मान समारोह के आयोजन पर सवाल उठने लाजिमी हैं। गौर करने की बात यह है कि कुछ दिनों पहले ही क्रेडाई ने एक प्रेसवार्ता के जरिए एक तीन दिवसीय एक्सपो की बात सबके सामने रखी है। और आने वाले दिनों में इसके बड़े आयोजन की तैयारी है।

फ्रेम और आउट ऑफ फ्रेम का प्रेम

इस कार्यक्रम में फोटो खिंचवाने की होड़ कुछ यूं हुई कि नगरीय प्रशासन मंत्री ही आउट आफ फ्रेम होते- होते बचे। वहीं क्रेडाई के बड़े पदाधिकारी खुद को सीएम के नजदीक से नजदीक आने के लिए कोशिशों में लगे रहे। हालांकि इसे इत्तेफाक भी कहा जा सकता है। बावजूद इसके अहम यह है कि किसी व्यवस्थित कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्रियों या मंचासीन गणमान्य नागरिकों और सरकार के नुमांइदों के साथ ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न ही क्यों हों?

क्रेडाई के कार्यक्रम में दिग्गजों की मौजूदगी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया, नान के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, विधायक सत्यनारायण शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कलेक्टर सौरभ कुमार भी उपस्थित रहे।

धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड रेत वाहन जिम्मेदार मौन, शासन को लग रहा चूना!

सड़कों पर दम तोड़ रहे सरकारी नियम

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखाकर जिले की सड़कों पर चले रहे ओवरलोड वाहन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं, बल्कि जिम्मेदारों की मौन धारण करने की वजह से शासन को भी हर महीने लाखों रुपए का चूना लग रहा है। गंडई नगर से होकर इन दिनों मटेरियल से लोड ओवरलोड गाड़ियां धड़ल्ले से दौड़ रही है। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। गंडई क्षेत्र में रेत, गिट्टी, मुरुम व मिट्टी से भरे वाहनों में ओवरलोडिंग का खेल खुले आंखों से देखा जा रहा है। परिवहनकर्ता नियम कायदे को ताक में रखकर धड़ल्ले से वाहन दौड़ा रहे। यह सारा खेल माइनिंग विभाग की लचर व्यवस्था और नाकामयाबी की वजह से बड़े ही जोर शोर से चल रहा है। एबीएम, डीकेडी जैसे कई ओवरलोडिंग वाहन रेत भरकर नगर से आये दिन गुजर रहे। नियमतः रेत की कंकड़ कही बाहर न गिरे इसके लिए ढंक कर परिवहन करना चाहिए लेकिन परिवहनकर्ता अपनी मनमानी करते हुए नियम कायदे को जेब मे रखते हुए खुला परिवहन कर रहे हैं। जिसके चलते राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

नांदगांव में दफ्तर, इसलिए ढिलाई

गौरतलब हो कि माइनिंग ऑफिस राजनांदगांव में होने की वजह से रेत माफिया बखूबी से रेत का परिवहन बिना किसी प्रशासनिक डर से विगत कई महीनों से कर रहे। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को नहीं है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार मौन साध रखे हैं।

ओवरलोड वाहनों से सड़कों की हालत जर्जर

नगर में भारी संख्या में ओवरलोड वाहनों के चलने की वजह से एनएच सहित अंदरूनी क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति जर्जर हो गई है। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। जिसकी वजह से राहगीरों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं जर्जर सड़कों से होकर नौनिहाल शिक्षा ग्रहण करने स्कूल आना जाना करते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

जिले के सुदूर ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहे कलेक्टर-एसपी

- **कोविड टीकाकरण केंद्रों का लगातार कर रहे निरीक्षण**

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में कोविड से सुरक्षा के लिए पैनी नजर रखकर कार्य करने के चलते पिछले लगातार 100 दिन से जिले में कोविड केस जीरो है। जिला प्रशासन द्वारा आने वाले समय में भी जिले को कोविड मुक्त रखने के लिए शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण कराने की मुहिम चलाई जा रही है। इसके लिए कलेक्टर रमेश शर्मा के दिशा-निर्देशन व जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के नेतृत्व में कोविड टीकाकरण विशेष सप्ताह जारी है। उक्त विशेष सप्ताह के पहले ही दिन सोमवार को कलेक्टर, एसपी व जिपं सीईओ ने पंडरिया वनांचल क्षेत्र के सुदूर ग्रामों के टीकाकरण केंद्रों का दौरा कर लोगों को प्रेरित किया। परिणाम स्वरूप लगभग 15 हजार लोगों को पहले ही दिन टीकाकृत कर लिया गया। वैक्सिनेशन सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को लोहारा क्षेत्र के सुदूर ग्रामों में पुनः कलेक्टर शर्मा के साथ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दौरा किया।

छूटे हुए एक-एक हितग्राही को किया जा रहा है प्रेरित

मंत्री मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, जिपं अध्यक्ष सुशीला भट्ट, नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा समेत जिले के आला अधिकारियों ने अपने जन अपील में लोगों को कोविड वैक्सिनेशन के लिए अनुरोध किया है। इसके बाद आला अफ सर समेत विभागीय अधिकरी-कर्मचारी स्वयं मैदान में उतरकर छूटे हुए हितग्राहियों को प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। जिन्हें कोविड टीका न लगाने की जिद है उनसे बात करके भ्रम, भय व परेशानी दूर करके टीकाकृत करवाया जा रहा है।

तारीख की घोषणा के साथ क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो - 2021 को मिलने लगा है अच्छा प्रतिसाद

- **आयोजन 3 से 5 दिसंबर को लेकिन अभी से आने लगी हैं इंक्वायरी**

रायपुर। क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो - 2021 की तारीख जैसे ही घोषित हुई है,बिल्डर्स-डेवलपर्स में ही नहीं बल्कि प्रापर्टी बायर्स में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्रेडाई है तो भरोसा है.. ये मानकर वे चल रहे हैं। अभी से इंक्वायरी आने शुरू हो गए हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों को इस प्रापर्टी एक्सपो का बेसब्री से इंतजार था। इसलिए कि रेसिडेंशियल हो या कमर्शियल एक जगह पर उन्हे चयन का अवसर सारे विकल्प के साथ मिलेंगे क्योकि हर क्षेत्र में प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे बिल्डर्स के स्टाल यहां उपलब्ध रहेंगे। खास बात यह भी है कि यदि प्रापर्टी पसंद आ गई है तो बायर्स को साइट विजिट भी कराया जायेगा। यदि बायर्स को कुछ आर्थिक दिक्कत आ गई तो फाइनेंस के लिए बैंक के स्टाल भी एक्सपो में रहेंगे। कह सकते हैं सबके लिए सब कुछ एक्सपो में मिलेगा। प्रापर्टी एक्सपो में कोरोना गाइड लाइन का पालन अनिवार्य होगा।

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2021 के प्रोग्राम चेयरमेन संजय रहेजा एवं को-चेयरमेन अशोक मूंदड़ा ने बताया कि कोविड 19 के चलते पिछले दो साल से प्रापर्टी सेक्टर भी कहीं न कहीं प्रभावित रहा है, लेकिन अब सब कुछ सामान्य होने की स्थिति में प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन क्रेडाई पूरी तैयारी के साथ कर रहे हैं,इस उम्मीद के साथ लोग इसकी भरपाई कर सकें। निश्चित रूप से बायर्स अपनी जरूरतें इस एक्सपो में तब्दील करेंगे। पिछले क्रेडाई एक्सपो का अनुभव ले चुके लोगों को इस बात की उम्मीद है कि अब कि बार और भी नए लोकेशन में, नई और बेहतर सुविधाओं के साथ प्रापर्टी खरीदने का मौका मिलेगा।

इस बार क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो तीन दिन 3 से 5 दिसंबर 2021 को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जहां पर 40 से भी अधिक बिल्डर्स हिस्सा लेंगे। हर बजट,हर लोकेशन और हर जरूरत के अनुसार फ्लैट, बंगले, मकान, विला, प्लाट व कमर्शियल ऑफिस खरीदने का अवसर मिलेगा। स्पॉट बुकिंग पर ढेरों ऑफर्स पाने का भी अवसर मिलेगा। ऑन स्पाट बुकिंग पर काफी सारे उपहार क्रेडाई की ओर से दिए जाते हैं। तीनों ही दिन दो-दो ड्रा निकाले जायेंगे। आखिरी दिन का छठवां ड्रा बंफर होगा। पिछले साल बंफर ड्रा में एक्टिवा दिया गया था, इस बार भी ऐसा ही कुछ रहेगा। सोने के सिक्के, होम एप्लायंसेस व अन्य उपहार देते हैं।

अब छग के स्कूलों में छात्र पढ़ेंगे सड़क सुरक्षा का ज्ञान

- **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक**

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को सड़क दुर्घटना के कारणों की समीक्षा और सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे जंक्शन जहां दुर्घटना अधिक हो रहे है, जिलेवार सघन अध्ययन कर आवश्यक कार्यवाही करें।

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि प्रदेश में आम नागरिकों को हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपाल के जरिए नागरिकों को सड़क दुर्घटना के बचाव के लिए जागरूक करें। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से कहा कि जिलों में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से किया जाना चाहिए। प्रत्येक महीने में जिले स्तर पर सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक होनी चाहिए। श्री जैन ने निर्देश दिए कि यातायात के नियमों के प्रति विद्यार्थियों एवं पालकों में अधिक जागरूकता लाने के लिए क्विज प्रतियोगिता जिला स्तर, संभाग स्तर, राज्य स्तर पर इसका आयोजन समय-समय पर होता रहना चाहिए और विजेता को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। पशु पीड़ित सड़कों एवं चौक-चौराहों का चिन्हांकित कर जन सामान्य की सड़क सुरक्षा को विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का दूसरे राज्यों से तुलनात्मक अध्ययन करने के भी निर्देश दिए, जहां सड़क दुर्घटना में कमी आयी है।

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में वाहन में जीपीएस की मॉनिटरिंग के लिए अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) को दिया गया है। राज्य में विद्यालयों में कक्षा पहली से दसवीं तक में अनिवार्य रूप से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को शामिल किया जाएगा।

79 स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत पाठ्यपुस्तकों में यातायात शिक्षा सामग्री, विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता एवं सजगता के उन्नयन के लिए कार्यक्रम, स्कूल बस संचालन में मानक व्यवस्था स्थापित करने संबंधित कार्यवाही पर चर्चा हुई। विद्यालयों में कौन बनेगा सड़क सुरक्षा चैम्पियन जैसे कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रोजेक्ट वर्क भी दिए जा रहे है। अब तक विद्यालयों में यातायात संबंधित नियमों पर आधारित 4578 क्विज का आयोजन किया जा चुका है और विजेता अपना सर्टिफिकेट ऑनलाइन प्राप्त कर रहें है।

दुर्घटना रोकने के अन्य उपाय पर चर्चा हुई

बैठक में परिवहन विभाग के अंतर्गत नए मोटरयान अधिनियम के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति, ओव्हरलोड वाहनों की कार्यवाही, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना रोकने के अन्य उपाय पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राज्य में ट्रामा सेंटर की स्थिति, शासकीय एवं निजी एंबुलेंस की मैपिंग पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग के अंतर्गत वर्तमान सड़क सुरक्षा परिदृश्य एवं सड़क सुरक्षा कोष, यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रवर्तन कार्यवाही, यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। इसी प्रकार नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले साइन-बोर्ड एवं होर्डिंग तथा जानवरों को हटाने के संबंध में भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई।

सूचना

श्री नीरज जैन को जगदलपुर जिला- बस्तर ब्यूरो प्रमुख पद पर नियुक्त किया गया है।

कृपया समाचार, प्रसार एवं विज्ञापन हेतु श्री नीरज जैन से संपर्क करें।

संपर्क - 8718820008, 8305784404

- प्रबंध संपादक